हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार, 11 अगस्त, 2025



# बेटी की मौत के बाद पिता का आरोप: भर्ती करने के दस घंटे बाद भी नहीं पहुंचे डॉक्टर

## 18 वर्षीय हेमलता की मौत के 25 दिन बीत जाने के बाद भी परिवार को नहीं मिला न्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वनांचल के एक गरीब परिवार की 18 वर्षीय बेटी हेमलता सिन्हा की मौत को 25 दिन बीत चुके हैं, लेकिन मामले में अब तक प्रबंधन द्वारा बनाई गई जांच समिति रिपोर्ट तैयार नहीं कर पाई है। जबकि तीन दिनों में रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश जारी किए गए थे। रिपोर्ट नहीं आने के चलते अब तक जिम्मेदार डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई भी नहीं हो पाई है।। परिवार का आरोप है कि डॉक्टरों की घोर लापरवाही और समय पर इलाज न मिलने से उनकी बेटी की मौत हुई।

इस मामले ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए है। घटना 16 जुलाई की है, जब अंबागढ़ चौकी ब्लॉक के करमतरा गांव निवासी हेमलता को पेट दर्द, उल्टी और सिरदर्द की शिकायत पर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती किया गया। वहां डॉक्टरों ने 8 बोतल ग्लूकोज चढ़ाया और फिर 112 एम्बुलेंस से राजनांदगांव के पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रेफर कर दिया। रात करीब 9:30 बजे अस्पताल पहुंचने पर इमरजेंसी वार्ड में नर्स ने मरीज को देखा और फिर से 8 बोतल ग्लूकोज चढ़ाया, लेकिन कोई वरिष्ठ डॉक्टर मौके पर नहीं पहुंचा।

परिवार के अनुसार, युवती की हालत बिगड़ती गई और मां ने नर्सों से कई बार गुहार लगाई, लेकिन कोई डॉक्टर नहीं आया। पूरे 12 घंटे बाद, अगले दिन सुबह 17 जुलाई को एक जूनियर डॉक्टर ने पिता हेमलाल सिन्हा को सूचित किया कि उनकी बेटी अब नहीं रही।

### स्वस्थ थी हेमलता : परिजन

परिजनों के अनुसार मृतिका हेमलता पूरी तरह से स्वस्थ थी। उन्होंने बताया कि मौत से एक दिन पहले ही उसने सोशल मीडिया के लिए रील बनाई थी, जिसमें वह हंसती-खेलती नजर आ रही थी। बेटी को पहले कभी कोई गंभीर बीमारी नहीं थी, सिर्फ पेट और सिरदर्द के लिए अस्पताल ले गए थे, लेकिन डॉक्टरों की अनदेखी ने उसकी जान ले ली। ऑन-कॉल ड्यूटी डॉक्टर चेतन साहू को जूनियर डॉक्टरों ने कई बार फोन किया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।




### जांच जारी

मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मामले की जांच हो रही है, जांच कमेटी ने अब तक रिपोर्ट नहीं दी है। रिमाइंडर लेटर जारी कर जल्द रिपोर्ट जमा करने कहा गया है। हम लापरवाही को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### जांच कमेटी बनाई, रिपोर्ट का इंतजार

अस्पताल प्रबंधन की ओर से मामले की गंभीरता को देखते हुए दो डॉक्टरों को नोटिस जारी करते हुए एक जांच कमेटी गठित की गई थी, जिसे तीन दिन में रिपोर्ट सौंपनी थी। लेकिन 25 दिन बाद भी रिपोर्ट नहीं आई, जिसके चलते अधीक्षक को रिमाइंडर लेटर जारी करना पड़ा। इधर मामले में अब सामाजिक आयाम भी जुड़ गया है। सिन्हा समाज सक्रिय हो रहा है और परिवार को समर्थन दे रहा है। परिजनों का कहना है कि अगर न्याय नहीं मिला तो जिले के कलेक्टर, विधानसभा अध्यक्ष, प्रभारी मंत्री और गृह मंत्री से गुहार लगाने की तैयारी कर रहे हैं।

---

## खबर संक्षेप

### विस अध्यक्ष आज जिले के प्रवास पर

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह कल 11 अगस्त को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान श्री सिंह कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।



विस अध्यक्ष डा. रमन सिंह सोमवार को सुबह 11.30 बजे रायपुर से प्रस्थान करेंगे और 1.30 बजे ग्राम टेडेसरा आगमन एवं विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। 2.30 बजे विधानसभा अध्याक्ष निवास आगमन एवं आरक्षित। 4.30 बजे सतनाम भवन जीई रोड में मिनीमाता निर्वाण दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 6.30 बजे श्री सिंह रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### माय एंगल




---

## 2011 की जनगणना के अनुसार पीएम ग्रामीण सड़क विभाग का काम पूरा

# पीएम सड़क: 4 साल से सिर्फ मरम्मत के काम, नए प्रस्तावों को नहीं मिली मंजूरी!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वर्ष 2011 की जनगणना अनुसार जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का काम पूरा हो चुका है। अब विभाग के पास नई सड़क का काम नहीं बचा है। जबकि लगभग 14 वर्ष में छोटी आबादी वाले गांव भी योजना के दायरे में आ चुके हैं, लेकिन ऐसे ग्रामों के लिए योजना नहीं बनाए जाने के चलते अब भी कई गांवों तक पक्की सड़क नहीं पहुंच पाई है।

जिले के चार विकासखंडों में मापदंड के अनुसार निर्धारित सभी गांव पक्की सड़क से जुड़ चुके हैं और अब विभाग के पास बनाने के लिए कोई नई सड़क नहीं है। बीते 4 वर्षों से विभाग के पास कोई भी नया काम नहीं बचा है। विभाग अब सिर्फ पुराने सड़कों का संधारण कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हर गांव को पक्की सड़क से जोड़ने के लिए तीन पैमाने तय किया गया था। जिसमें वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 500 की आबादी जहां 50 प्रतिशत अनुसूचित जाति वर्ग निवासरत हो, इसे पहली प्राथमिकता में लिया गया था। इसके बाद ढाई सौ की आबादी और फिर 100 की आबादी वाले गांव को प्राथमिकता दी गई। इस तीनों आबादी के निर्धारण के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़कों का पूर्ण निर्माण किया जा चुका है। अब आलम यह है कि विभाग के पास कोई नया काम नहीं बचा है।




### सड़क से जुड़े चार सौ से अधिक गांव

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जिले के लगभग 425 गांव पक्की सड़क से जुड़ चुके हैं, लेकिन जिले की कई सड़कें मरम्मत में देरी की वजह से उखड़ चुकी है। इन सड़कों का नवीनीकरण और मरम्मत की आवश्यकता दिखाई देती है। हालांकि विभाग स्वीकृति मिलने पर काम करने की बात कह रहा है।

### भेजा गया है प्रस्ताव

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्तमान में निर्माण पश्चात 5 वर्ष संधारण अवधि वाली 35 सड़के हैं। जिसकी लंबाई 174.3 किलोमीटर है। वहीं नवीनीकरण पश्चात 5 वर्ष के संधारण अवधि वाली सड़कों की संख्या 147 है, जो लगभग 372.41 किलोमीटर है। जिसके अनुबंध अनुसार ठेकेदार द्वारा संधारण कार्य किया जा रहा है। वहीं वर्ष 2025-26 में नवीनीकरण हेतु विभाग द्वारा प्रस्तावित सड़कों की संख्या 21 है। जिसकी लंबाई 106.69 किलोमीटर है। इसके नवीनीकरण के लिए प्रस्ताव छत्तीसगढ़ ग्राम सड़क विकास अभिकरण रायपुर को भेजा गया है।

### प्रस्ताव भी नहीं हो रहे स्वीकृत

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जिले के छुरिया विकासखंड में दो गांव को जोड़ने के लिए एक-एक किलोमीटर की सड़क का निर्माण कार्य अभी भी शेष है। यहां वालेंडी और मासूल जोब में सड़क निर्माण किया जाना है। जिसकी स्वीकृति के लिए विभाग द्वारा प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन अब तक स्वीकृत नहीं मिली है।

### ग्यारह साल सड़क की उम्र

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के ई पीएस मिश्रा ने बताया कि जिले में चौथे चरण का कार्य किया जाना है। जिसमें 21 सड़कों का नवीनीकरण होगा। उन्होंने बताया कि एक सड़क लगभग 11 साल चलती है। इसमें 5 साल के अंतराल में डामरीकरण का कार्य किया जाता है। सड़क के निर्माण के दौरान भी गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाता है।

### लगभग तीन सौ बीस सड़कों का हुआ निर्माण

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के पहले चरण के तहत 934.90 किलोमीटर की 291 सड़कें बनाई गई। योजना के दूसरे पैमाने में 100.39 किलोमीटर की 12 सड़कों का निर्माण किया गया। वहीं तीसरे कैटेगरी में 130.74 किलोमीटर की 17 सड़कें बनाई गई।

---

## हरिभूमि, आईएनएच और लायंस क्लब की प्रस्तुति

# 'सुर और ताल' के साथ मनेगा आजादी का जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आजादी के 78वें जश्न को हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए हरिभूमि, आईएनएच और लायंस क्लब के द्वारा 13 अगस्त को इंटर स्कूल डांस कंपटीशन 2025 का का आयोजन शहर के पद्मश्री गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में प्रातः 11:30 बजे से आयोजित किया जा रहा है । आजादी के उत्सव को देश भक्तिपूर्ण वातावरण में मनाने आयोजित इस सुर-ताल कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गयी है।

देशभक्ति के जज्बे जुनून और जश्न के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों के बीच देश भक्ति नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में चेंबर आफ कामर्स, संजीवनी नर्सिंग होम, नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बरडिया ज्वेलर्स, अशोका आईटीआई, सिल्वर स्क्रीन आदि सह प्रयोजक के रूप में शामिल हो रहे है। आयोजन की व्यापक तैयारियां शुरू हो गयी है।

आयोजन में शहर के सभी स्कूलो के डायरेक्टर और विद्यार्थी भी शामिल होगें। मंच संचालन वरिष्ठ रंगकर्मी और उद्घोषक शरद श्रीवास्तव करेंगे।

### वीर शहीदों को किया जाएगा नमन

हरिभूमि, आईएनएच और लायंस क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाले इस डांस कंपटीशन में देशभक्ति से भरे एकल और सामूहिक नृत्य का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से देश की आजादी के लिए अपने प्राण निछावर करने वाले वीर शहीदों को नमन किया जाएगा।

### प्रतिभाओं का होगा सम्मान

युवा पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जागृत करने और उनकी प्रतिभा को सामने लाने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता के आयोजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया जाएगा ।

---

# रैली निकालकर हसदेव जंगल कटाई का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष में आदिवासी समाज द्वारा शहर के पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में मूल निवासी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भव्य रैली भी निकाली गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में आदिवासी जूटे। रैली के दौरान जल-जंगल-जमीन बचाने को लेकर आदिवासी हितों के लिए आवाज बुलंद की गई।

प्रतिवर्ष 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन किया जाता है। इस दिन को आदिवासी समाज द्वारा काफी उत्साह से मनाया जाता है। इस वर्ष रक्षाबंधन का पर्व 9 अगस्त होने के चलते आदिवासी समाज द्वारा शहर में 10 अगस्त को आदिवासी दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में अविभाजित राजनांदगांव जिले से सैकड़ों की तादाद में आदिवासी समाज के लोग एकजुट हुए और शहर में रैली निकाल कर आदिवासी हितों को लेकर नारेबाजी की।

### रैली में दिखा उत्साह

आदिवासी समाज द्वारा आयोजित इस रैली में शामिल समाज के लोग गोंडी गीतों में जमकर थिरकते हुए चल रहे थे। इस दौरान समाज के कलाकारों ने आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति भी दी। रैली के दौरान समाज के लोगों में काफी उत्साह नजर आया ।



### ऑडिटोरियम में हुआ आयोजन

आदिवासी समाज द्वारा आयोजित रैली पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम परिसर से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए गुजरी और वापस ऑडिटोरियम में पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान ऑडिटोरियम में विभिन्न आयोजन किए गए। कार्यक्रम के अवसर पर अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा सहित सामाजिक पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी ।

### पदोन्नति में आरक्षण की मांग

आदिवासी समाज द्वारा आयोजित रैली के दौरान 77वां, 85वां संविधान संशोधन में दिए गए प्रावधान लागू करने, एसटीएससी पदोन्नति में आरक्षण बहाल करने मांग की गई । वहीं बस्तर में आदिवासियों का दमन, हसदेव जंगल की कटाई को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

---

# मासूम से कुकर्म, कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गांव में एक मासूम बालिका के साथ उस वक्त कुकर्म की घटना हुई जब वही खेल रही थी। पडोंस के युवक ने उसे कुछ खिलाने के बहाने अपने साथ ले जाकर कुकर्म किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले की जांच पडताल करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।

यह शर्मसार कर देने वाली घटना सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की बताई गई है जहां मासूम बालिका से कुकर्म की घटना हुई। पुलिस के मुताबिक 7 अगस्त की शाम खेल रही एक मासूम 6 वर्षीय बालिका को उसके पडोसी युवक ने बहला फुसला कर कुछ खिलाने का लालच दिया और मासूम बालिका को अपने साथ ले ले जाकर कुकर्म किया।

### आरोपी युवक गिरफ्तार

इस घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले की जांच पडताल करते हुए आरोपी युवक लोकेश पटेल उम्र लगभग 25 वर्ष को घटना के संबंध में पूछताछ की व आरोपी युवक को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।

---

# शिवनाथ नदी में बहे युवक का 24 घंटे बाद मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सावन माह के अंतिम दिन शिवनाथ नदी मोहारा में जल लेने व पूजा अर्चना करने गया युवक नहाते समय नदी के पानी के बहाव में बह गया था। जिसकी खोज बीन लगातार की जा रही थी। युवक का शव लगभग 24 घंटे बाद आज आज सुबह मिला। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम किया है।

पुलिस के अनुसार सावन माह के अंतिम दिन शनिवार को सुबह के समय शहर के ठेठवार पारा निवासी प्रशांत सोनी लोगों के साथ शिव नाथ नदी मोहारा पूजा अर्चना करने एवं जल लेने गया हुआ था। इस दौरान नहाते वक्त व नदी के पानी में बह गया था। जिसकी खोज बीन गोताखोर एवं एसडीआरफ दुर्ग एवं राजनांदगांव की टीम कर रही थी।कल दिन भर खोजबीन में युवक का पता नही चल पाया था।

### झांडियों में फंसा था

रविवार की सुबह फिर युवक की खोज बीन शिवनाथ नदी मोहारा के आस पास की गई । बताया गया कि खोज बीन कर रही एसडीआरएफ की टीम ने लगभग 7 -8 सौ मीटर के दायरे में खोज निकाला। युवक का शव पानी में झाड़ियों में मिला। बसंतपुर पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम किया है। इस घटना से शहर में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

---

# जयपुर के शिल्पकार दे रहे मूर्तरूप अस्तित्व में आएगा अटल परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की शताब्दी जयंती के अवसर पर शहर के वर्धमान नगर में लगभग 50 लाख रुपए की लागत से अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। 25 दिसम्बर सुशासन दिवस के अवसर पर सांसद संतोष पांडे ने वर्धमान नगर में अटल परिसर का भूमिपूजन किया।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृतियों और उनके उल्लेखनीय कार्यों को सहेजने के लिए अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। ▸▸ शेष पेज 11 पर



### निर्माण कार्य प्रगति पर

अटल परिसर निर्माण कार्य के दौरान ही भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा लगाई जा चुकी है। वहीं पेडस्टल, एमएस रेलिंग, सीमेंट म्यूरल, लैण्ड स्केपिंग कार्य किया जा रहा है। वही यहां पर फ्लोर लगाने का कार्य किया जा रहा है । वही प्रतिमा मंच का निर्माण कार्य के लिए नक्काशी की गई पत्थरों को लगाया जा रहा है।

### जीवन परिचय सहित प्रेरणादायी कविता

अटल परिसर की दीवारों पर स्व. अटल बिहारीवाजपेई की कलात्मक तस्वीर, उनका जीवन परिचय, उनकी प्रेरणादायी रचना गीत नया गाता हूं, हार नहीं मानूंगा रार नहीं ठानूंगा, कर्तव्य पथ पर जो मिला ये भी संही वो भी सही, जैसे उनकी प्रेरक पंक्तियां शिल्पकों खोद कर लिखी जा रहत है।

---

## सावन के समाप्त होते ही भादो माह का आगाज, पर्वो की श्रृंखला

# कृष्ण जन्माष्टमी सहित गणेशोत्सव की रहेगी धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सावन पूर्णिमा के बाद भादो माह का आगाज 10 अगस्त से प्रारंभ हो चुका है, यह महिना जहां श्री कृष्ण भक्ति के लिए होगी वही श्रीगणेश महोत्सव का होगा। इस माह लगातार पर्वों का क्रम है जिसे लेकर हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भक्ति का माहौल रहेगा।

ज्ञात हो कि सावन माह में भगवान शिव भक्ति का वातावरण था, मंदिर से लेकर नदी तालाबों में कांवड़ियों की उपस्थिति बनी हुई थी। सावन पूर्णिमा रक्षाबंधन पर्व के बाद अब 10 अगस्त से भादो माह का आगाज हो चुका है। इस दौरान शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में पर्वों की खुशियां देखते ही बनेगी।

राखी पर्व से शुरू हुआ बाजार में चहल पहल पूरे भादो माह रहेगा। साज सजावट की सामग्रियों के अलावा मूर्तिया एवं पूजा सामग्रियों की जहां दुकान सजेगी वह शहर सहित ग्रामीण इलाकों से बडी संख्या में लोग खरीदारी करने के लिए पहुंचेंगे। शहरी सहित ग्रामीण बाजार में चहल पहल का दौरान रहेगा। आम लोगो सहित व्यापारियों की भी व्यस्तता रहेगी। श्रद्धा भक्ति से परिपूर्ण भादो माह में हर्षोल्लास का माहौल होगा। वर्तमान में बाजार में हलषष्ठी, कमरछठ पर्व को लेकर पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है। जिसकी खरीदारी करने भी लोग जुटे हुए है।



### महोत्सव पर दिखेगा साज सजावट

लगातार पर्वों को देखते हुए अंचल के मूर्तिकारों ने भगवान श्रीकृष्ण राधा की मूर्तियां एवं भगवान श्रीगणेश की मूर्तियां बनानी शुरू कर दी है। मूर्तियों को इन दिनों पूर्ण रूप देने का कार्य भी दिन रात शुरू कर दिया गया है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बडी संख्या में लोग अपने अपने घरों में कान्हा भगवान श्री कृष्ण की मूर्तियां स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना करते है। एवं शोभायात्रा के साथ ही मूर्तियों का विसर्जन किया जाता है। वही विभिन्न सभा समितियों एवं लोगों के द्वारा भगवान श्री गणेश की प्रतिमा सार्वजनिक रूप से व घर घर में विराजित कर विधि विधान से 10 दिन पूजा अर्चना की जाती है। पर्व के दौरान शहर सहित ग्रामीण इलाको में आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ साथ सांस्कृतिक आयोजनों की धूम रहेगी।

**माह भर श्रद्धा भक्ति का माहौल** : पंचांग के अनुसार भादो माह का समापन 7 सितंबर को होगा। इस माह विशेष कर भगवान श्रीकृष्ण एवं श्रीगणेश की पूजा अर्चना होती है। इसके अलावा अन्य कई व्रत त्योहारों का क्रम रहेगा। 12 अगस्त को कजली जीत , बहुला चतुर्थी, संकट चतुर्थी व्रत, 14 को हलषष्ठी,कमरछठ, 16 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, 19 को मंगलवार एकादशी व्रत, 20 को बुधवार प्रदोष व्रत, 21 को गुरुवार मास शिवरात्रि व्रत, 23 को पोला, 26 को हरतालिका व्रत, 27 को श्री गणेश चतुर्थी, 28 को ऋषि पंचमी पर्व मनाया जायेगा।

**खबर संक्षेप**



### श्रमदान कर बनाया चबूतरा

**बांधा बाजार।** सृष्टि संस्था दक्कोटोला के मार्गदर्शन में ग्राम मरदेल, कोड़ेवड़ा और चिरचारी में रक्षा बंधन त्यौहार मनाया गया हैं। वहीं विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर ग्रामीणों ने पेड़ पौधों को रक्षा सूत्र बांधा। ग्रामीणों ने श्रमदान करते हुए आम, पीपल और इमली पेड़ के चारों ओर मिट्टी का चबूतरा बनाया। स्व लाल श्याम शाह महाराज की पूजा अर्चना कर पेड़ पौधों को रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान बाजीराव मांझी, भगत सिंह, अर्जुनसिंह कोमरे, सहदेव कोरेटी, मीना मांझी, श्यामलाल सलामे, जोहरलाल बोगा, सराधूराम उसारे, अनितराम सोरी, कामता प्रसाद कचलामे, सुरेंद्र कुमार धुर्वे, लालसाय धुर्वे आदि ने चबूतरा निर्माण के लिए श्रमदान किया। इस कार्य में संस्था के कार्यकर्ता अर्जुन कुमेटी, गजाराम धुर्वे, सरिता कोरेटी और जयदेव मोहुर्ले ने योगदान दिया।

### मनाया आदिवासी दिवस



**डोंगरगढ़।** जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी के आतिथ्य में बागेकसा, दमऊदहरा में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में आदिवासी महापुरुषों की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पूजा पाठ किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने नशा मुक्ति और सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि आदिवासियों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं हैं किन्तु जानकारी के अभाव में लोग लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।

### छात्राओं ने बांधी जवानों को राखी



**डोंगरगांव।** मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति द्वारा संचालित भारतीय पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने रक्षाबंधन के पूर्व शुक्रवार को थाना जाकर जवानों को राखी बांधी। प्राचार्य सुनील कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में शुक्रवार को छात्राओं ने शिक्षक लूनकरण यादव एवं तृप्ति देवांगन के साथ सुरक्षा में लगे जवानों और रक्षित केंद्र के निरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, मेजर आदि को रक्षासूत्र बांधा। कार्यक्रम में छात्रा ओमश्री, नुरानी, प्रियंका पटेल, डाली पटेल, पूजा पटेल, लवली हिरवानी, प्राची देवांगन, लक्ष्मी देवांगन एवं वासनी निषाद शामिल हुई। पुलिस जवानों ने छात्राओं को बिदाई के साथ उपहार दिया।

## उल्लास के साथ मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

# मांदर की थाप पर थिरके आदिवासीजन विशाल रैली निकालकर दिखाया ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

■ वक्ताओं ने कुरुतियों को छोड़ने कहा

गंडई नगर में शनिवार को जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले के पांच हजार से अधिक लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में रैली निकाला।

सुबह 10 बजे से समाज के लोग गंडई कृषि उपज मंडी में एकत्रित होने लगे थे। यहां से पारंपरिक बाजों की थाप पर नाचते-गाते रैली निकाली गई। रैली बस स्टैंड, मुख्य बाजार, मां गंगई मंदिर और मुख्य चौक से होते हुए वापस मंडी प्रांगण पहुंची। रैली में युवक-युवतियां, महिलाएं, पुरुष और बच्चे पारंपरिक परिधानों में शामिल हुए। कई युवाओं ने आदिवासी क्रांतिकारी योद्धाओं का रूप धारण किया था, जो लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बने रहे।



**सामाजिकजनों का सम्मान**

कार्यक्रम के दौरान समाजिक बुद्धिजीवियों ने संबोधित करते हुए कुरीतियों को दूर करने और आदिवासी संस्कृति के संरक्षण पर जोर दिया। युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने बताया कि गंडई में दूसरी बार जिला स्तर पर यह दिवस मनाया गया जिसमें गोंड, हल्वा, बैगा, कंडरा, कंवर और प्रधान समाज के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षा, वकालत, मेडिकल, इंजीनियरिंग और जूडो जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तथा 95 से 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले बच्चों का सम्मान किया गया।

**सुरक्षा व्यवस्था और सामूहिक भोज**

उक्त विशाल आयोजन के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी सौरभ बाथम के नेतृत्व में पुलिस बल जगह-जगह तैनात रहा। समापन के बाद सभी लोगों के लिए सामूहिक भोज की व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर सर्व आदिवासी समाज के जिला और प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य मौजूद थे।

## आदिवासियों ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

**मोहला।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला मुख्यालय मोहला में भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह थी। मिनी स्टेडियम से विशाल रैली निकाला गया। रैली में आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ शामिल हुए।



**गौरवशाली है देश का आदिवासी समाज**

रैली रैली मिनी स्टेडियम से निकलकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए तहसील कार्यालय पहुँची, जहां राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आदिवासी समाज से जुड़े विभिन्न अधिकारों, परंपराओं के संरक्षण, शिक्षा, रोजगार और विकास से संबंधित मांगें शामिल थी। इस मौके पर श्रीमती सिंह ने कहा कि आदिवासी समाज देश और प्रदेश की गौरवशाली पहचान है, जिनकी संस्कृति, परंपरा और जीवन प्रकृति के साथ संतुलन और सामूहिक जीवन की शिक्षा देता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज का इतिहास संघर्ष, साहस और स्वाभिमान से भरा हुआ है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, आदिवासी समाज के वरिष्ठजन, महिला-पुरुष एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# एक ही घर को चोरों ने तीन बार बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

■ पुलिस की गश्त पर उठे सवाल

शहर के पुराने बस स्टेंड के समीप स्थित साव सदन में बीते चार दिनों में तीन बार चोरी की घटना हो चुकी है। लगातार चोरी की घटना के बाद पुलिस गश्त पर सवाल उठने लगे हैं। चोर जिस तरह से कबाड़ आदि की चोरी कर रहे हैं जिससे लगता है कि लोकल आरोपी है जो व्यापारियों, कबाड़ की दुकानों में चोरी का माल खपा रहे हैं। पुराने बस स्टैंड से पोस्ट आफिस रोड पर स्थित साव सदन में छह अगस्त से 9 अगस्त के बीच तीन बार चोरी की घटना हो चुकी है। छह अगस्त को अज्ञात चोर तीन बंडल कापर वायर, दो नग कांसा की थाली, एक नग लोटा, सात अगस्त को घर में लगे वायर काट कर ले गए। इसी प्रकार 9 अगस्त की रात को अज्ञात चोरों ने एक नग पीतल की गुंडी, दो नग तांबा की गुंडी, एक बोरी में रखे वायर ले गए। आसपास के लोगों ने बताया कि 9 अगस्त को सुबह रेस्ट हाऊस की बाऊंड्री के पास रेत में दो नग मिनी पंप छुपा कर रखा गया था जिसे भी देखते ही देखते गायब कर दिया गया। वहीं चौधरी स्टूडियो में लगे डीटीएच के वायर को निकालकर रेस्ट हाऊस के अहाते में फेंक दिया गया था।

**लोकल आरोपियों पर संदेह**

अज्ञात चोर जिस तरीके से कबाड़ और बर्तन आदि को पार कर रहे हैं उसे देखते हुए संदेह जताया जा रहा है घटना में लोकल व्यक्तियों का हाथ है जो दिन में रेकी करने के बाद मौका पाकर देर रात घटना को अंजाम दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार साव सदन के ऊपर जाने की सीढी का दरवाजा बंद होने के बाद भी चोर चढ़कर चोरी कर रहे हैं।

# सेवानिवृत होने के बाद भी निःशुल्क शिक्षा दे रहा शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत ठंड़ार में निवासरत दूर्जन राम जंघेल शिक्षकीय कार्य से सेवा निवृत हो चुके हैं। पर छात्रों के प्रति लगाव और अपनी लगनशीलता से वह अपने निवास में छात्रों को निःशुल्क शिक्षा दे रहे हैं। बीते दिवस कृतबांस निवासी महावीर वर्मा ने उनके इस कार्य से प्रभावित होकर उनके छात्रों को कापी और पेन वितरण कर शिक्षक का आभार जताया।

ज्ञात हो कि श्री जंघेल बीते दो साल से हाई स्कूल के छात्रों को गणित एवं अंग्रेजी का निःशुल्क ट्यूशन क्लास लगा रहे हैं। जिसमें स्थानीय सहित आस पास के छात्र पढ़ाई करने पहुंच रहें हैं। वर्तमान में नवमी एवं दसवीं के करीब दो दर्जन छात्र इस निःशुल्क ट्यूशन का लाभ ले रहें हैं। सुबह 6 बजे छात्रों का जत्था उनके निवास पहुंच जाता है। ज्ञात हो कि दूर्जन जंघेल शासकीय हाई स्कूल धोधा में आठ साल प्रभारी प्राचार्य पद की जिम्मेदारी सम्हाला। बीते शिक्षा सत्र उनकी शिक्षकीय कार्य की अवधि पूर्ण होने पर सेवानिवृत हुए। यहां के ग्रामीण छात्रों का उनके प्रति लगाव, लगनशीलता, स्वयं समय पर स्कूल पहुंचना तथा छात्रों का अनुशासन में रखने के अलावा व्यवहारिक ज्ञान देने की तरीके से प्रभावित होकर उन्हें विद्यालय में अध्यापन कार्य जारी रखने का आग्रह किया। श्री जंघेल सेवा निवृत होने के बाद भी स्कूल में निःशुल्क शिक्षा दे रहें हैं। श्री जंघेल ने कहा कि शिक्षा का दान महादान है, जो देने से दो गुना, चार गुना बढ़ता है।



अपने निवास और विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा दान कर वह मानव समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहें हैं। शिक्षा दान से छात्रों का भविष्य बेहतर बन जाए तो यह मेरे लिए गर्व की बात है।

# जर्जर भवन में पढ़ाई करने छात्र मजबूर



**सड़क अतरिया।** पूर्व माध्यमिक शाला संड़ी के छात्र जर्जर शाला में अध्ययन करने मजबूर है। जानकारी अनुसार लगभग दो दशक पहले स्कूल भवन का निर्माण कराया गया था, जो आज काफी जर्जर हो चुका है। बरसात में छत से पानी टपकता तथा प्लास्टर अनायास गिरता रहता है। स्कूल के शिक्षकों द्वारा पंचायत एवं विभाग को कई दफा जानकारी देकर मरम्मत एवं नया भवन की मांग किया जा रहा है। पर अब तक कोई सुध नहीं ले रहा है। आश्वासन के बाद समस्या यथावत बनी हुई है।

विद्यालय के शिक्षक प्यारे लाल साहू ने बताया कि स्कूल की छत को त्रिपाल से ढक कर छात्रों को पढ़ाया जा रहा है। आगे मिली जानकारी अनुसार विद्यालय व्यवस्था काफी प्रशंसनीय बताया जाता है। साधन की कमी के बावजूद हर साल छात्रों का परीक्षा परिणाम काफी उत्कृष्ट रहता है। इस साल भी इस स्कूल से प्रयास विद्यालय के लिए चार छात्रों का चयन हुआ है। इस साल यहां 128 छात्र अध्ययन कर रहें हैं, जो आस पास के स्कूलों में पहले स्थान पर गिना जाता है। पंचायत के सरपंच कैलास वर्मा ने बताया कि स्कूल का अध्यापन व्यवस्था काबिले तारिफ है। समस्या जर्जर शाला भवन की है। पंचायत द्वारा विभाग को कई दफा समस्या से अवगत कराकर नया भवन की मांग किया जा रहा है। पंचायत विभाग को भी समस्या से अवगत कराया गया है।

**चकनार में भी जर्जर भवन की समस्या**

शासकीय प्राथमिक शाला चकनार का भवन भी काफी जर्जर हो गया है। बरसात के समय जहां तहां से पानी टपकता रहता है। वही मलबा भी कभी भी गिरने लगता है तथा छत की सरिया भी प्लास्टर से बाहर निकल आई है। कभी कभी पानी की वजह से छात्रों की पढ़ाई को बाधित करना पड़ जाता है। जर्जर भवन की मरम्मत एवं नया भवन की मांग लगातार किया जा रहा है। इसी प्रकार खैरबना एवं बुन्देली स्कूल में छात्रों की सुलभ की व्यवस्था गंभीर हो गया है।

**किचन शेड की भी स्वीकृति नहीं**

जानकारी अनुसार इस स्कूल में जब से छात्रों के लिए मध्यान्ह भोजन शुरू हुआ है। तब से कीचन शेड भवन की स्वीकृति नहीं मिली है। अलग से एक कक्ष में मध्यान्ह भोजन बनाया जाता है। वह भवन भी काफी जर्जर हो चुका है। जहां बरसात के समय भोजन बनाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वही बरसात का पानी छत से टपकने से राशन एवं खाद्य सामान खराब हो जाता है। इसके लिए भी कीचन शेड की मांग हर साल किया जा रहा है। पर अब तक आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला है।

# दो बाइक की भिड़ंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

शुक्रवार शाम को गंडई-कवर्धा मार्ग पर स्थित चकनार के पास दो मोटर साइकिलों के आपस में टकराने से पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। कुछ लोग विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। यह हादसा शाम करीब 6 बजे हुआ। कटंगीकला से लाखाटोला लौट रही हीरो एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 09 जेसी 1537 को तारेश पटेल चला रहा था। उसके पीछे चेतक पटेल बैठा था। उनकी बाइक विपरीत दिशा से आ रही हीरो स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 08 बीडी 5805 से टकरा गई। स्प्लेंडर बाइक को साहिल मरकाम चला रहा था। पीछे कौशल मरकाम और संजू नेताम सवार थे। तीनों गंडई में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सारंगपुर जा रहे थे।

**घायलों को किया रेफर**

दोनों पक्षों ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों वाहन चालकों के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है। शासकीय हास्पिटल में पदस्थ डॉ चुरेन्द्र खरे ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को रेफर किया गया है। सभी की हालत नाजुक थी।

**पांच लोग हुए घायल**

टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों पर सवार सभी पांच लोग सड़क पर गिर पड़े। इस हादसे में चेतक पटेल के दाहिने पैर के टखने और घुटने में चोट लगी, जबकि एचएफ डीलक्स के चालक तारेश पटेल के दाहिने पैर के टखने, घुटने और दाहिने हाथ में चोटें आई है। स्प्लेंडर बाइक चालक साहिल मरकाम को दाहिने पैर के घुटने, दोनों हाथों और कंधे में गंभीर चोटें आईं। वहीं पीछे बैठे कौशल मरकाम और संजू नेताम के पैर, सिर और हाथों में चोटें लगी हैं।

# लोकार्पण के इंतजार में नवनिर्मित हास्पिटल, बुनकर सोसाईटी भवन

## कुछ नेताएं कर रहे उद्घाटन का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छुईखदान में करोड़ों की लागत से सुविधायुक्त अस्पताल भवन और बुनकर सोसायटी भवन भवन बनकर तैयार है किन्तु कई माह बाद भी उनका उद्घाटन नहीं हो सका है। उल्लेखनीय है कि तत्कालीन विधायक स्व देवव्रत सिंह ने अस्पताल भवन निर्माण स्वीकृत कराया था। अस्पताल भवन पूर्ण होने के बाद कुछ भाजपा नेता अपने स्वार्थ के चलते पुराने अस्पताल को हटाने का विरोध कर रहे हैं।

जिला सेवादल के अध्यक्ष देवराज किशोर दास ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल को दो साल होने वाले है। इस अवधि में भाजपाई शहर विकास के लिए एक रुपए का एलाटमेंट दिला नहीं पाए हैं, जबकि बघेल सरकार के दौरान गिरीश देवांगन के प्रयास से छुईखदान में कृषि महाविद्यालय भवन, बुनकर सोसायटी भवन, अस्पताल भवन, आत्मानंद स्कूल भवन, महाविद्यालय में अतिरिक्त कक्ष की स्वीकृति मिली थी। सभी भवनों में कुल 100 करोड़ से अधिक खर्च किया गया है। कुछ भवनों का उपयोग आरंभ हो चुका है। अस्पताल सहित अन्य भवनों के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल, गिरीश देवांगन, यशोदा वर्मा, आलोक चन्द्राकार का क्षेत्रवासियों ने धन्यवाद ज्ञापित किया है।



## पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल

# विद्यार्थियों ने पेड़ों को बांधा रक्षासूत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला

पेड़ पौधों की कटाई रोकने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में व जनपद सदस्य टुमन साहू, सुरेश साहू, दीप्ति साहू, पुरुषोत्तम उर्वशा, संतोष देवांगन, अश्वनी सुधाकर, पुरुषोत्तम वासनिक, रिखी राम साहू, प्राचार्य आरके देवांगन की उपस्थिति में पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधा गया।

इस अवसर पर टुमन साहू ने कहा कि हमें प्रकृति का महत्व को समझना होगा और पौधे लगाकर उसकी रक्षा कर स्वस्थ वातावरण का निर्माण करना होगा। प्राचार्य आरके देवांगन ने कहा कि यह एक अनोखा व सार्थक तरीका है जिसमे रक्षाबंधन को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ सकते हैं। संचालन यूथ एवं इको क्लब के प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने किया। व्याख्याता हैपशीबा एंथोनी के नेतृत्व में कक्षा 12वीं वाणिज्य के छात्रों ने राखी बनाया। इस अवसर पर व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, पवन सिन्हा, रीना बोरकर, शाला नायक मयंक देवांगन, मोहित, नीलकमल, डामेन्द्र, कुसुम, रोशन आदि उपस्थित थे।



# 6 माह बाद भी चोरी का खुलासा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ठेलकाडीह

■ पुलिस की असफलता से फरियादी नाराज, अब शिकायत करने की तैयारी

चोरी की घटना के 6 माह बाद भी पुलिस आरोपियों को पकड़ने में असफल रही है। फरियादी आए दिन पुलिस के चक्कर काट रहे है। सिंगपुर में हुई लाखों की चोरी का खुलासा नहीं होने से पुलिस के तंत्र पर सवाल खड़े हो लगे हैं। माह भर पहले डिलापहरी में भी चोरी की घटना हो चुकी है। सिंगपुर निवासी मानसिंग साहू अब एसपी से शिकायत कर चोरी की घटना की उच्चस्तरीय जॉच की मांग करेंगे। उनका कहना है कि संदिग्धों से कड़ाई से पूछताछ किया जाए तो घटना का खुलासा हो सकता है।

# विचारों पर रखे नियंत्रणः सरिता दीदी

■ नेहरु कालेज में सात दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। आयोजन के तीसरे दिन नैतिक विकास, मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक मूल्य विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया।

वक्ता के रूप में ब्रह्मकुमारी आश्रम की सरिता दीदी एवं पूजा कुमारी उपस्थित थी। शुरुआत में मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया। स्वागत के बाद सरिता दीदी ने कहा कि आज हर ओर विचारों में द्वंद् है, ऐसे में विचारों पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। आध्यात्म का अर्थ है अपने भीतर की अच्छी शक्तियों को पहचानना और समझना। उन्होंने कहा कि क्षणिक सुख के पीछे भागने के बजाय हमें जीवन में शांति, सुख, आनंद, पवित्रता, शक्ति, ज्ञान और शुद्धता जैसे गुणों को अपनाना चाहिए। सरिता दीदी ने यह भी कहा कि माता-पिता से अधिक कोई हमें प्रेम नहीं कर सकता, इसलिए स्वयं से भी प्रेम करना जरूरी है। यदि समय रहते हम अपने जीवन में संभल जाएं तो निखर सकते हैं, अन्यथा जीवन बिखरने में समय नहीं लगेगा। प्राचार्य डॉ ईवी रेवती ने आभार जताया। अंत में मुख्य वक्ता सरिता दीदी को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। संचालन गौरव तिवारी एवं आभार प्रदर्शन डॉ आरआर कोचे ने किया।



## खबर संक्षेप



### आईटीबीपी के जवानों को बांधी राखी

**डोंगरगढ़।** 40वीं वाहिनी आईटीबीपी द्वारा डोंगरगढ़ एवं कन्हारगांव में एक विशेष रक्षा बंधन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम तेजभान सिंह, कमांडेंट के नेतृत्व में एवं परिक्षित शाह, उप कमांडेंट की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा वीर जवानों को रक्षा सूत्र बाँधा गया तथा उनके सुख-समृद्धि, सुरक्षा और राष्ट्रसेवा के लिए आध्यात्मिक शक्ति व नैतिक मूल्यों का आशीर्वाद भी प्रदान किया गया। ब्रह्माकुमारी बहनों ने अपने संदेश में कहा कि यह पर्व केवल भाई-बहन के पारंपरिक रिश्ते तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश और समाज के प्रति सुरक्षा, प्रेम, सम्मान और एकता की भावना को भी मजबूत करता है। कार्यक्रम के अंत में ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा स्मृति चिह्न भेंट किए गए एवं प्रसाद वितरण भी किया गया।

### सरकार बिजली और खाद उपलब्ध करायें

**सड़क अतरिया।** जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष कामदेव जंघेल ने



किसानों को खाद तथा बिजली कटौती से हो रही समस्या को लेकर सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि किसान हितैषी का ढोंग करने वाली सरकार आज किसानों को एक के बाद एक मुसीबत में डाल रही है। फसल बोआई से शुरू हुई खाद की समस्या अब तक दूर नहीं हो पाई है। कृषक को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिलने से मंहगे दाम पर दुकान से खरीदना पड़ रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर किसान अपने खेत में पर्याप्त मात्रा में खाद का छिड़काव नहीं कर पा रहें हैं। वही दूसरी ओर बारिश में ब्रेक लगने से खेत सुख रहें हैं। जिस कारण कृषक बोर से खेतों में सिंचाई करने लगें हैं, लेकिन बिजली की बार बार अघोषित कटौती और लो वोल्टेज से सिंचाई की समस्या गंभीर होती जा रही है। कामदेव ने कहा कि फसल की उत्पादन लागत लगातार बढ़ रही है। सरकार के खाद और बिजली की अपर्याप्त व्यवस्था से उपज पर विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका है। ऐसा हुआ तो कृषक आर्थिक रूप से कमजोर हो कर कर्ज तले दब जायेंगे। उन्होंने सरकार से मांग किया है कि किसानों को निर्बाध रूप से बिजली उपलब्ध करायें।

पेज 9 का शेष

### जयपुर के शिल्पकार दे...

लगभग 9 महीने बीत जाने के बाद भी अटल परिषद निर्माण के कार्य में तेजी दिखाई नहीं दे रही है। प्रदेश के सभी 187 नगरीय निकायों में अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। इनमें 14 नगर निगम, 50 नगर पालिका तथा 123 नगर पंचायत शामिल हैं। अटल परिसर के निर्माण के लिए प्रत्येक नगर निगम को 50 लाख रुपए, नगर पालिका को 30 लाख रुपए और नगर पंचायत को 20 लाख रुपए का अनुदान दिया गया है । नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा इसके लिए सभी निकायों को लगभग 46 करोड़ 60 लाख रुपए की अनुदान राशि जारी की गई है।

## निधन

### दीपक निर्मलकर

**राजनांदगांव।** दीनदयाल कालोनी चिखली निवासी राजकुमार (राजू)



निर्मलकर के ज्येष्ठ पुत्र दीपक निर्मलकर का 35 वर्ष की आयु में 10 अगस्त को लम्बी अस्वस्थता के चलते निधन हो गया।जिसकी अंत्येष्टि गठुला नाला मुक्तिधाम में की गई, जिसमें नगर के गणमान्य जनों सहित सैकड़ों लोग एकत्र हुए। विदित हो कि दीपक निर्मलकर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित मोहारा ब्रांच में पदस्थ थे।

---

### बिजली बिल हॉफ योजना यथावत रखने की मांग

# सरप्लस बिजली वाले राज्य में जनता के साथ घोर अन्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने प्रदेशभर में 400 यूनिट तक हॉफ बिजली बिल योजना को बंद कर दिया है। योजना बंद होने से एक तरह से गरीब जनता पर अत्याचार के समान है। पहले से ही जनता महंगाई की मार से परेशान है और अब आर्थिक भार डालते 400 यूनिट को घटाकर 100 यूनिट खपत करने वालों को हाफ बिजली बिल योजना का लाभ मिल सकेगा। बाकि जनता को पूरा बिल भुगतान करना पड़ेगा, इस तरह कहा जाए तो भाजपा सरकार हिटलरशाही नीति अपना रही है। जिसको लेकर शहर जिला व ग्रामीण कांग्रेस द्वारा कैलाशनगर बिजली आफिस के सामने विरोध-प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया।

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री ने बताया कि साय सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर आम जनता के साथ खिलवाड़ कर रही है। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व कैलाशनगर स्थित बिजली कार्यालय के सामने विरोध-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन कर हॉफ बिजली बिल योजना यथावत रखने की मांग गई।



#### योजना को कर रही बंद

ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि डेढ़ साल के भीतर साय सरकार द्वारा घरेलू बिजली की दरों में अब तक कुल 80 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोत्तरी की है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल सहयोग सहायता योजना मिल रही है, उसे भी बंद कर रही है। भाजपा सरकार पूरी तरह से पूंजीपतियों के हाथों में बिक चुकी है। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है।

#### दामों में कर रही वृद्धि

शहर अध्यक्ष छाबड़ा ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते कहा कि सरकार आते ही भाजपा पार्टी जनविरोधी नीति अपनाते लगातार बिजली बिल के दामो में वृद्धि कर रही है। अब हॉफ बिजली बिल योजना को बंद किया जा रहा है। जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश के गरीब जनता को 400 यूनिट तक हॉफ बिजली बिल योजना से राहत देने का काम करते उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने में किया था। उसे साय सरकार द्वारा बंद किया जा रहा है, जो पूरी तरह से गलत है। कांग्रेस इसका पूरजोर विरोध करते हैं और हॉफ बिजली बिल योजना को यथावत रखने की मांग करते हैं।

#### पुतला दहन में ये शामिल

पुतला दहन में धनेश पाटिला, भोलाराम साहू, कमलजीत सिंह पिन्टू, जितेन्द्र मुदलियार, श्रीकिशन खंडेलवाल, पदम कोठारी, रमेश राठौर, दिनेश शर्मा, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, पंकज बांधव, इकरामुद्दीन सोलंकी, विभा साहू, महेन्द्र यादव, हेमा देशमुख, थानेश्वर पाटिला, मेहुल मारू, संतोष पिल्ले, शारदा तिवारी, मोहम्मद यहया, झम्मन देवांगन, हनी ग्रेवाल, आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, घनश्याम देवांगन, रितेश जैन, नत्थूलाल अग्रवाल, जयनारायण सिंह, माया शर्मा, चुम्मन साहू, मामराज अग्रवाल, शकील रिजवी, अमिन हुद्दा, सुरेन्द्र देवांगन, प्रज्ञा गुप्ता, मोहिनी सिन्हा, रवि साहू, अशोक फड़नवीस, अभिमन्यु मिश्रा, अरशद खान, बबलू कसार, प्रतिमा बंजारे, रज्जू जॉन, डॉ. राकेश कुमार, दयावान देवांगन, निहाल नकवी, मनीष सिमनकर, विनोद यादव, सूरज शर्मा, आफताब अहमद, कुलदीप कुरेंजकर, नंदलाल बंधे, पूर्णिमा नागदेवे, सागर ताम्रकार, मो. इब्राहिम, जगत चिन्टू शर्मा, तजेन्द्र वैष्णव, विपल साहू, विनय झा, मनीष साहू, महेश साहू, अवधेश प्रजापति, शेषनाथ, हिम्मत सिंह, संदीप सोनी, परस साहू, सीताराम श्रीवास, चंद्रकला देवांगन, आशा शर्मा, संदीप जायसवाल, रूपेश साहू, शौर्य वैष्णव, जय जायसवाल, मानसिंग साहू, पूरन नेताम, मुकेश निर्मलकर, सुखदेव साहू, तोरण साहू, स्वतंत्रदास साहू, गंगूराम डहरे, इब्राहिम, पायल बारमते, ललिता साहू, अंशुल श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

---

# कलेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण



■ गणवेश व अन्य वस्त्र उत्पदों का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम रेवाडीह में संचालित श्री सांई बुनकर सहकारी समिति मर्यादित का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने बुनकर कर्मशाला भवन में समिति के बुनकरों द्वारा किए जा रहे गणवेश वस्त्र एवं अन्य वस्त्र उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने बुनकरों से बुनाई संबंधी गतिविधियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने बुनकरों से चर्चा कर प्रतिदिन किए जाने वाले उत्पादन तथा मासिक आय सहित अन्य विषयों के संबंध में चर्चा की।

कलेक्टर भुरे को बुनकरों ने बताया कि कर्मशाला भवन में लगभग 50 महिलाएं कार्यरत हैं। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित रायपुर के शासकीय वस्त्र प्रदाय योजनांतर्गत श्री सांई बुनकर सहकारी समिति मर्यादित रेवाडीह के लगभग 250 बुनकर गणवेश वस्त्र एवं अन्य वस्त्रों की बुनाई का कार्य कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित रायपुर द्वारा धागा प्रदाय कर तैयार वस्त्रों के अनुसार बुनकरों को बुनाई पारिश्रमिक एवं बुनकर समितियों को सेवा प्रभार प्रदान किया जाता है।

#### गांव में ही रोजगार मिलने से खुश

बुनकरों ने बताया कि गांव में ही रोजगार मिलने एवं बुनाई कार्य से खुश है। इस कार्य से अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है। कलेक्टर ने बुनकरों के कार्यों की सराहना की और इसी प्रकार मन लगाकर कार्य करने प्रोत्साहित किया। इस दौरान उप संचालक हाथकरघा राजू कोल्हे, श्री सांई बुनकर समिति के अध्यक्ष चूड़ामणि देवांगन सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं बुनकर उपस्थित थे।

---

# हर घर तिरंगा अभियान में होनी चाहिए सबकी सहभागिता : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के डैश बोर्ड में शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्यों में प्रगति लाने तथा गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कार्यों में गति लाएं तथा डैश बोर्ड में डेटा अपडेट कराएं। उन्होंने सभी विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की।

कलेक्टर ने अधिकारियों को ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य करने के निर्देश दिए। सभी आंतरिक विभागीय कार्य एवं अन्य विभागों को फाइल भेजने का कार्य ई-ऑफिस के माध्यम से करने कहा। उन्होंने सभी विभागों को ई-ऑफिस का कार्य सक्रियता से सीखने के निर्देश दिए। फाईल से संबंधित समस्त कार्य साप्ताहिक एवं जनदर्शन की सभी फाईल, दस्तावेज कार्य ई-ऑफिस के माध्यम से शत-प्रतिशत होना चाहिए।

कलेक्टर ने कहा कि देश की आजादी का उत्सव हर गांव एवं शहर में मनाया जा रहा है। हर घर तिरंगा अभियान 15 अगस्त तक तीन चरणों में चलाया जाएगा जा रहा है। जिसमें सभी की सहभागिता होनी चाहिए। अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में तिरंगा झंडे की खरीदी एवं पैम्पलेट, बैनर के माध्यम से नागरिकों को इस अभियान से जोड़ने एवं तिरंगे झंडे के वितरण हेतु दिशा-निर्देश दिए।

पोस्ट ऑफिस, स्थानीय स्तर के दुकानों को झंडा बिक्री केंद्र के रूप में चिन्हांकित किया गया है। सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, कॉलेजों और आवासीय क्षेत्रों में तिरंगा लाइटिंग, रंगोली प्रतियोगिता, सेल्फी जोन और ध्वजारोहण कार्यक्रम के आयोजन किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी शासकीय भवनों, शैक्षणिक संस्थानों में तिरंगा फहराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम, एसडीएम डोंगरगढ़ अभिषेक तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



#### मानिटरिंग करने के दिए निर्देश

कलेक्टर भुरे ने एग्रीस्टैक के माध्यम से किसान पंजीयन में आ रही तकनीकी दिक्कत को दूर करने कहा। उन्होंने सभी एसडीएम को एग्रीस्टैक के माध्यम से किए जा रहे किसान पंजीयन की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध प्लाटिंग एवं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने बारिश के कारण सड़कों को हुई क्षति का प्राक्कलन तैयार कर शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कों की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता से कराएं। बारिश के कारण हुए प्राकृतिक आपदा से जनधन की हुई क्षति के लिए आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा के प्रकरण प्राथमिकता से बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी डॉक्टर एवं नर्स समय पर आए यह सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख की स्थिति, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, आयुष्मान वय वंदन कार्ड, जल जीवन मिशन, खाद-बीज की स्थिति सहित शासन की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।

---

# जल्द होगा सेक्टर व मंडल कमेटियों का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की एक अहम बैठक मंगलवार को सतनाम भवन नंदई चौक में आयोजित की गई। बैठक में संगठन सृजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और रणनीति बनाई गई।

बैठक का संचालन करते हुए दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने कहा कि संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से शहर में जल्द ही सेक्टर एवं मंडल कमेटियों का गठन किया जाएगा। प्रत्येक सेक्टर में 8 से 10 बूथ और प्रत्येक मंडल में 20 बूथ शामिल रहेंगे, जिनकी 21 सदस्यीय कार्यकारिणी गठित की जाएगी। ब्लॉक प्रभारी हनी ग्रेवाल ने कहा कि सेक्टर-मंडल स्तर पर मजबूत संगठनात्मक ढांचा खड़ा किया जाएगा, जिससे बूथ स्तर तक पार्टी की पकड़ मजबूत हो। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा ने कार्यकर्ताओं से अनुशासन में रहकर बूथ स्तर पर सक्रियता से काम करने की अपील की।

इस महत्वपूर्ण बैठक में रमेश राठौड़, दिनेश शर्मा, पदम कोठारी, डॉ. आफताब आलम, कमलजीत सिंह पिंटू, मन्नालाल यादव, पंकज बांधव, प्रकाश बाफना, गुरभेज मखीजा, अमित खंडेलवाल, नीरज कन्नौजे, राकेश जोशी, शकील रिजवी, राहुल केमे, खैरून निशा, मधुबाला श्रीवास्तव, हर्ष खोब्रागढ़े, सागर ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।आभार प्रदर्शन महामंत्री नीरज कन्नौजे ने किया और सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद देते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने का संकल्प दोहराया।



#### मजबूती दिलाने की करे कोशिश

वहीं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकिशन खंडेलवाल ने कहा कि पुरानी बातों को भूलकर सभी कार्यकर्ता संगठन हित में एकजुट होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को फिर से मजबूती दिलाने का वक्त आ गया है। बैठक के पश्चात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे बस्तर टाइगर शहीद महेंद्र कर्मा की जयंती पर उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित जनों ने महेंद्र कर्मा अमर रहें के नारों के साथ नक्सलवाद के खिलाफ उनकी सलवा जुडूम मुहिम को याद किया।

#### बूथ स्तर पर होगा विस्तार

पूर्व निगम सभापति रमेश डाकलिया ने इसे आगामी चुनाव की तैयारी का पहला कदम बताया और कहा कि कार्यकर्ता वार्ड और बूथ स्तर तक सक्रियता से कार्य करें।इस अवसर पर सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, कमलजीत सिंह पिंटू, महामंत्री नीरज कन्नौजे सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखे और संगठन को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

---

## वोट चोरी के आरोप का जयस्तंभ चौक पर कांग्रेस करेगी प्रसारण

**राजनांदगांव।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इन दिनों केंद्र की मोदी सरकार और निर्वाचन आयोग पर हमलावर है। हाल ही में उन्होंने वोट चोरी का दावा करते हुए खुलासा किया हैं, जिसमें एक वोटर का कई बूथ पर नाम होना बताया गया है। वही मकान नंबरों और मतदाताओं के निवास, तस्वीर को लेकर भी गड़बड़ी सामने आई है। राहुल गांधी द्वारा प्रस्तुत किए गए वीडियो को कांग्रेस कमेटी द्वारा जनता के सामने रखने का अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय स्तंभ चौक में राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी के मामले में जारी किए गए वीडियो को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। शहर के जयस्तंभ चौक में सोमवार सुबह 9 बजे से कांग्रेस द्वारा प्रोजेक्टर लगाकर जनता के सामने फर्जी वोट के मामले को रखा जाएगा। कांग्रेस कमेटी द्वारा इस मामले में जन समर्थन जुटाने भी अभियान चलाया जा रहा है और मिस कॉल देकर वोट चोरी के खिलाफ खड़े होने का आग्रह किया जा रहा है। कांग्रेस के अभियान के दौरान मिस कॉल करने पर राहुल गांधी की ओर से धन्यवाद का मैसेज भी प्राप्त हो रहा है ।

---

# शहीदों वीर जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नक्सलियों के साथ लोहा लेते शहीद हुए पुलिस उप निरीक्षक युगल किशोर वर्मा, शहीद आरक्षक कृष लाल साहू एवं शहीद सहायक आरक्षक सुखुराम नेताम के आठवीं पुण्यतिथि अवसर पर रक्षित केंद्र राजनांदगांव में शहीद स्मारक पर राजनंदगांव पुलिस द्वारा शहीद के परिजनों के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

ज्ञात हो कि 6 अगस्त 2017 को जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंड़ई तत्कालिन जिला राजनांदगांव के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम भावे के घोडापाठ पहाड़ी जंगल में नक्सलियों से लोह लेते शहीद उप निरीक्षक युगल किशोर वर्मा, शहीद आरक्षक कृषलाल साहू अपने प्राणों की आहुती दी थी। 3 फरवरी 2017 को ग्राम भावे से उत्तर दिशा की ओर पहाड़ी जंगल में नक्सलियों से मुठभेड़ में सहायक आरक्षक क्र.-53 सुखुराम नेताम द्वारा अपने मातृभूमि रक्षा के लिए नक्सलियों से लोहा लेते वीरगति को प्राप्त हो गए।

6 अगस्त 2017 को माओवादी नक्सलियों के होने की सूचना पर सर्चिंग हेतु रवाना हुए थे। पुलिस पार्टी भावे के आगे घोड़ापाठ जंगल की ओर बढ़ रहे थे कि जंगल के ऊपर भावे से 3 किमी दूरी पर पुलिस पार्टी को देखकर नक्सलियों द्वारा जान से मारने की नीयत से एक राय होकर आधुनिक हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। पुलिस पार्टी द्वारा भी वितरणशुदा आर्म्स एम्युनेशन से आत्मरक्षार्थ पोजीशन लेकर जवाबी फायरिंग किया गया। इस दौरान बहादुरी से लड़ रहे उपनिरीक्षक युगल किशोर वर्मा एवं आरक्षक 962 कृषलाल साहू द्वारा अपने मातृभूमि के लिए प्राणों की आहुती देकर शहीद हो गए।

3 फरवरी 2017 को ग्राम भावे से उत्तर दिशा की ओर पहाड़ी जंगल में 34-35 की संख्या में सशस्त्र वर्दीधारी महिला-पुरूष माओवादी नक्सलियों द्वारा पुलिस पार्टी पर हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग करने लगे, तब पुलिस पार्टी द्वारा भी चारो तरफ से घेराबंदी कर आत्मसुरक्षार्थ जवाबी फायर करते आगे बढ़ने लगे। नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में सहायक आरक्षक क्र.-53 सुखुराम नेताम द्वारा अपने मातृभूमि रक्षा के लिए नक्सलियों से लोहा लेते वीरगति को प्राप्त हो गए।

#### एसपी रहे मौजूद

इस अवसर पर शहीद स्मारक राजनांदगांव में शहीद परिवार के साथ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक रमेश साहू, रक्षित निरीक्षक लोकेश कसेर व नक्सल सेल रक्षित केंद्र एवं पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

---

### ज्योति बीमा एवं अटल पेंशन योजना के बारे में दी जानकारी

# वित्तीय समावेशन एवं संतृप्तीकरण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला अग्रणी बैंक कार्यालय एवं बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा सोमनी के तत्वावधान में 29 जुलाई को ग्राम सांकरा में वित्तीय समावेशन एवं संतृप्तीकरण शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में बैंक ऑफ बड़ौदा प्रधान कार्यालय वडोदरा से मनोज कुमार सहायक महाप्रबंधक वित्तीय समावेशन विभाग, अंचल कार्यालय बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर से संदीप मान, दीपक मिश्रा एवं क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग से उपक्षेत्रीय प्रबंधक जयप्रकाश नारायण उपस्थित थे।

शिविर में बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारियों द्वारा सामाजिक सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक जन-धन खातों का महत्व, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, जीवन सुरक्षा बीमा एवं अटल पेंशन जैसी योजनाओं से समाज को होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा सार्वजानिक क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा बैंक है। जिसके नाते हमारी जिम्मेदारी भी बड़ी है कि हम समाज को जनता को एवं देश को बैंक से जोड़ सके। वित्त विभाग भारत सरकार द्वारा 01 जुलाई से 30 सितंबर तक वित्तीय संतृप्तकरण का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 8-10 साल पुराने जन-धन खाते जिनमें केवाईसी पेंडिंग है, उनमें डीबीटी के माध्यम किसी भी योजना का पैसा निकाल नहीं पाएंगे एवं खाताधारक शासन की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाएगा। साथ ही बुरे वक्त में वित्तीय स्थिरता के लिए बीमा योजना लाभदायक है। सिर्फ 35 करोड़ देशवासियों का ही प्रधानमंत्री बीमा हुआ है।



#### बच्चों ने दी नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति

जिला अग्रणी बैंक, आरसेटी एवं उच्चतर माध्यमिक पाठशाला सोमनी के बच्चों द्वारा नुक्कड नाटक के माध्यम से बीमा की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा सोमनी द्वारा स्व. जीवनलाल साहू की नॉमिनी धनेशवरी साहू को 2 लाख मृत्यु दावा सेटलमेंट की राशि प्रदान की गई। साथ ही सखी सहेली, जय मां सरस्वती, जय अंबे एवं जय शारदा मां स्व-सहायता समूह को एसएचजी लोन का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। अंत में छत्तीसगढ़ राज्य गीत की मनमोहक नृत्य प्रस्तुति एवं लीड बैंक प्रबंधक द्वारा धन्यवाद व आभार के साथ इस शिविर की समाप्ति की गई।




## सार समाचार

### संस्कार सिटी में जूडो चैंपियनशिप का समापन

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में चार दिनों तक चली सीबीएसई फार ईस्ट जोन जूडो चौंपियनशिप का समापन समारोह को अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे की गरिमामयी उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान खिलाड़ियों ने अपनी ताकत, तकनीक, अनुशासन और खेल भावना से सभी का मन जीत लिया।



समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मृणाल चौबे ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और उनकी उपलब्धियों की सराहना की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में सीबीएसई पर्यवेक्षक करण मेहतो, शाला प्रबंधक ललित अग्रवाल, अतुल देशलहरा, डॉ.टी. कुमार, प्रिंसिपल, संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी रेखा तिवारी, प्रिंसिपल, संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल अशोक पारख शामिल हुए।

अपने संबोधन में मृणाल चौबे ने कहा जूडो केवल एक खेल नहीं, बल्कि जीवन का अनुशासन और मानसिक दृढ़ता सिखाने वाला एक मार्ग है। प्राचार्या रेखा तिवारी ने कहा यह आयोजन हमारे छात्रों और शहर के लिए गौरव का क्षण है।

हम चाहते हैं कि हमारे खिलाड़ी न केवल खेल में उत्कृष्ट हों, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन, सम्मान और मेहनत की मिसाल बनें। अंडर-11, 14, 17 और 19 आयु वर्ग के विजेताओं को पदक प्रदान किए गए। खिलाड़ियों के चेहरों पर सफलता का गर्व और उल्लास स्पष्ट झलक रहा था।

### महापौर द्वारा सड़क एवं नाली निर्माण का भूमिपूजन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत वार्ड विकास के लिए स्वीकृत राशि से वार्ड नं. 18 ममता नगर आनंद विहार कालोनी शहीद चौक के बाजू सीमेंट रोड एवं नाली निर्माण के लिए वार्ड में आयोजित कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव ने भूमिपूजन किया। आज ममता नगर मे 18 लाख रूपये की लागत से रोड तथा नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य जल्द प्रारंभ किया जायेगा ताकि ममता नगर वासियों को इसका लाभ मिल सके। इसी प्रकार अन्य कार्य प्राथमिकता के तहत कराये जायेगे।



ममता नगर में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर यादव सहित नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, वार्ड की पार्षद संगीता युधिष्ठिर देवांगन,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, पूर्व पार्षद मुकेश बघेल ने पूजा अर्चना कर विधिवत गैती चलाकर भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के पूर्व वार्ड के केशव गुनांडे, गुलफान खान, अशोक बागडे, रमाकांत श्रीवास्तव, ऋषि देवांगन, राकेश वर्मा, रसीद खान, लालेन्द्र कुमार पाण्डे, सुखविंदर सिंह सोरी,रविन्द्र शलारे, राजू खोपचे, अरविन्द नागवंशी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

### कान्यकुब्ज सभा ने किया वृक्षारोपण

**राजनांदगांव ।** पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कान्यकुब्ज सभा राजनांदगांव द्वारा नीरज स्कूल पेन्ड्री वृक्षारोपण किया गया। समाज के द्वारा यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष अगस्त माह में आयोजित किया जाता है। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने भी उत्साह से हिस्सा लिया और सामाजिक पदाधिकारी के साथ पौधे लगाए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में संरक्षक ऋषि कुमार तिवारी, अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, उपाध्यक्ष विष्णुदत्त तिवारी, सलाहकार वित्त करूणा शंकर तिवारी, सचिव अजय शुक्ला, एन. बाजपेयी शिक्षण समिति के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, कोषाध्यक्ष अखिलेश तिवारी, सांस्कृतिक प्रभारी मुकेश तिवारी, एवं कार्यकारिणी सदस्य शैलेष शुक्ला ने पौधे लगाये।



## अंचल में धूमधाम से आदिवासी मूल निवासी अधिकार दिवस मनाया

# प्रकृति, संस्कृति, परंपरा का संवर्धन ही आदिवासी समाज के सेवा का मूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला मुख्यालय मोहला के दशहरा मैदान में शनिवार को धूमधाम से आदिवासी मूलनिवासी अधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मूलनिवासी समाज के प्रमुख तथा सामाजिक बंधु हजारों की संख्या में शामिल हुए। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुवात बिरसा मुंडा एवं लाल श्याम शाह महाराज के पूजा अर्चना के साथ किया गया। आदिवासी दिवस के अवसर पर रंगारंग सामूहिक नृत्य के माध्यम से आदि संस्कृति और परंपरा का जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यरूप से संभाग अध्यक्ष गोंड समाज मोहन हिड़को, अरविंद गोटे, मनने मंडावी, कोषाध्यक्ष तुलसी मरकाम, सचिव कुमार कोरेटी, ब्लॉक अध्यक्ष पदुम सिंह टोप्पा, नोहरु कुमेटी, अशोक कुमार मांझी, कमलेश नेताम, जवाहर बोगा, देव प्रसाद कड़ियामें, जग लाल कोमरे, कपिल कोमरे, दामें शाय पद्दा, कमल पुड़ो, गोपाल कोर्राम, केजू बोगा, बृजलाल कचलाम, मान साय बोगा, संतु कुंजाम, प्रेमदास मंडावी सहित आदिवासी समाज के पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में मूलनिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।




### समाजिक विकास के लिए करेंगे काम

कार्यक्रम में उपस्थित विधायक इंद्रशाह मंडावी ने इस अवसर पर मूल निवासी दिवस की बधाई दिया। उन्होंने कहा कि आज का दिन हम सभी मूल निवासी साथियों के लिए गौरव का दिन है। आदिवासी समाज सदैव प्रकृति के साथ रह कर अपना जीवन यापन करते है तथा प्रकृति का संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य करते है। सरकार को आदिवासी समाज के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए। आदिवासी मूल निवासी समाज के लिए प्रकृति का संरक्षण, पुरातन संस्कृति एवं परंपरा के संवर्धन का कार्य सेवा का मूल उद्देश्य रहा है। आदिवासी समाज के हितों के संरक्षण के प्रति सरकार को हमेशा सचेत एवम अडिग रहना पड़ेगा साथ ही समाज के सकारात्मक विकास के लिए हमे काम करना है। विशेषकर समाज के युवाओं को मुख्यधारा में जुड़कर सामाजिक उत्थान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

### समाज में एकता पर दिया बल

गोंड समाज के संभागीय सचिव कुमार कोरेटी ने समाज में एकता को बल दिया उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की ताकत उनमें बनी एकता से है। समाज एक रहेगा तभी सरकारें समाज की मांगो को महत्व देगी। संविधान में आदिवासी समाज को महत्वपूर्ण अधिकार दिए गए है किंतु सरकार उन अधिकारों को अक्षरशः पालन नहीं करती है। प्रकृति की पूजा का अधिकार तो हमे है किंतु प्रकृति का शोषण करने का कार्य सरकार के द्वारा किया जा रहा है जो अनुचित हैं। जल, जंगल, जमीन की रखवाली आदिवासी समाज करता है पर उनके दोहन का अधिकार भी समाज को नहीं मिलता बल्कि सरकारों के द्वारा पूंजीपतियों को दिया जाता है। आदिवासी अधिकारों के प्रति सरकार को सही नजरिया रखना चाहिए।

### राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

सभा में उपस्थित हजारों लोगों ने एक स्वर में सरकार से विभिन्न मांगों तथा आदिवासी अधिकारों को लेकर रैली निकाली, तहसीलदार को महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य रूप से पेशा कानून को लागू करने तथा ईमानदारी से पालन करने का मांग किया। वन संसाधन पर ग्राम सभा को पूर्णतः अधिकार दिया जाना चाहिए। धर्मांतरण पर रोक लगे तथा एक कड़ा कानून बनाया जाय। जिले में 85 प्रतिशत आदिवासी समाज की बहुलता है जहां स्थानीय भर्ती को प्राथमिकता दिया जाय। जिले में नए उद्योग की स्थापना किया जाना चाहिए।

### शिकायत बाद भी नहीं सुधारी सड़कों की हालत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के सदर बाजार, कामठी लाईन सहित करीब आधा दर्जन सड़को का काम करने वाले ठेकेदार पर निगम की नोटिस का भी कोई असर नहीं हो रहा है। हालत यह है कि ठेकेदार को निगम की तरफ से कई नोटिस जारी किए जाने के बाद भी सड़को की स्थिति नहीं सुधारी जा रही है। बड़ी बात यह है कि कई जनप्रतिनिधियों ने भी संबंधित सड़को की शिकायत की है।

मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदार अभय कोटड़िया द्वारा शहर में करीबन आधा दर्जन सड़को का निर्माण किया गया है। इनमें सदर बाजार, कामठी लाईन से गुड़ाखु लाईन को जोड़ने वाली एवं कामठी लाईन से रामाधीन मार्ग को जोड़ने वाली साबून गली शामिल है। इन तीनों ही सड़को में डामरीकरण का हाल ऐसा है कि निर्माण के कुछ महिने के भीतर ही उपरी परत उखड़ने लगी थी। डामर की खराब क्वालिटी का उपयोग किए जाने के चलते सड़क सालभर भी नहीं टिकी। इस मामले की शिकायत सामने आने के बाद निगम ने भी ठेकेदार को नोटिस थमाई थी। परन्तु ठेकेदार द्वारा सड़क के सुधार में कोई काम नहीं किया गया।

## महिला संगठनों ने सैनिकों को बांधा रक्षा सूत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भूतपूर्व सैनिक कल्याण संघ के सभागार में शहर के विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों की बहनों ने सैनिक भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर मुंह मीठा कराया और आर्शीवाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से 1962 युद्ध के योद्धा श्याम राव खाटोले, वर्ष 1971 के योद्धा भगवान सिंह व कमल कांत दत्ता कारगिल योद्धा मास्टर वारंट एम.आर. डड़सेना, गंगादास साहू, योगेंद्र साहू, पुनित साहू, मेजर सुबेदार राजेश शर्मा,अध्यक्ष भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन, अमलेन्दु हाजरा राष्ट्रीय सदस्य, राकेश ठाकुर एवं सम्मानित सदस्यों की गरिमामय उपस्थित में माँ भारती की पूजा अर्चना के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कांति मौर्य, मोना गोसाई, श्रीकृष्णा शैक्षणिक एवं संस्कृति के बहनों द्वारा सीमा पर सुरक्षा के लिए तैनात सैनिक भाईयों को राखी भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर शारदा तिवारी, सरस्वती डड़सेना, पुर्णिमा साव, कांति मौर्य, मौसमी शर्मा, सुधा पवार, एनकुमारी मोहबिया, पुष्पायादव, संगीता शुक्ला, प्रतिभा साहू, काजल साहू, मंजु रानी, प्रेमा सोनकर, रंजना साहू, दिप्ती साहू, कमलेश्वरी साहू, लक्ष्मी सदानी, फातिमा सोलंकी, अंजू यादव, जमुना साहू एवं महिला सुरक्षा संगठन फाउंडेशन, श्री कृष्णा शिक्षण एवं संस्कृति समिति, सनातन धर्म महिला मंडल, कस्तुरबा महिला मंडल, विश्व ब्रह्माण महिला मंडल तथा समस्त महिला समुह की बहनें इस अवसर पर प्रमुख से उपस्थित रहें।



### राष्ट्र सुरक्षा का लिया संकल्प

इस अवसर पर अध्यक्ष राजेश शर्मा ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए सभी सामाजिक व धार्मिक संगठनों को आर्शीवाद दिया और उनके सिंदूर की रक्षा एवं राष्ट्र के सुरक्षा का संकल्प दोहराया और यह भी कहा कि इस प्रकार के सार्वजनिक कार्यक्रम से प्रेम, स्नेह, भाईचारा और भारतीय सेना के प्रति समर्पण का भाव पल्लवित होता है। समाज सेवी राकेश इन्दू भूषण ठाकुर ने श्रेष्ट आयोजन के लिए कार्यक्रम संयोजक संगठन के उपाध्यक्ष रोशन ब्यौहारे, नरेश साहू एवं बहनों को

### धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

**राजनांदगांव।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजनांदगांव द्वारा रक्षाबंधन का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। रक्षाबंधन के 2 दिन पूर्व विभिन्न संस्थाओं एवं संगठनों में जाकर ब्रह्माकुमारी बहनों ने रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य बताया साथ ही तिलक लगाकर राखी बांधी एवं मुख मीठा कराया। रक्षाबंधन के दिन ब्रह्माकुमारीज के ज्ञान मानसरोवर में ब्रह्माकुमार एवं ब्रह्माकुमारी भाई बहनों के लिए रक्षाबंधन का कार्यक्रम था। सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी जी ने परमात्मा शिव का रक्षाबंधन पर आधारित दिव्य संदेश सुनाया तथा सबको शुभकामनाएं दी। इसके बाद सभी भाई बहनों को राखी बांधी। शाम को वरदान भवन लाल बाग में रक्षा बंधन स्नेह मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया इस गरिमामय कार्यक्रम में पार्षद राजा माखीजा, पार्षद शैंकी बग्गा,पूर्व पार्षद गुरुमुख दास वाधवा,अशोक चौधरी ,प्रो.कृष्णकुमार द्विवेदी, डॉ नरेन्द्र गाँधी, दिनेश भट्टर,सुरेन्द्र गोयल, नरेन्द्र लोहिया, हरीश गाँधी, वकील रमेश गुप्ता, शीला गाँधी, डॉ साधना तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## नगर निगम की टीम ने आधा दर्जन मवेशियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम का मवेशी धरपकड़ अभियान में निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक-चौराहों का निरीक्षण कर एवं शिकायत के आधार पर घुमंतू एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में गत दिनों सर्किट हाउस रोड, आम्बेडकर चौक, हाईवे रोड से 6 घुमंतू मवेशियों की धरपकड़ की गई। मवेशियो को रेवाडीह कांजी हाउस में रखा गया है, जहां उन्हें मंडी के बचे फल-सब्जी का पौष्टिक आहार भी दिया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि कई पशु मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं। जिससे मवेशी चौक-चौराहों में घूमते एवं बैठे रहते हैं। जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओं के लिए भी खतरनाक है। पशु मालिकों की सजगता से ही दुर्घटना से बचा जा सकता है।

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने घुमंतू मवेशियों को पकड़ने टीम गठित की है। गठित टीम चौक -चौराहों से घुमंतू मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है। आज की कार्रवाई में सर्किट हाउस रोड, आम्बेडकर चौक, हाईवे रोड से घुमंतू मवेशियों की धरपकड़ के तहत 6 घुमंतू एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाता है, जहां उन्हें पैरा-कुट्टी के साथ-साथ बसंतपुर गंज मंडी से बचे फल व सब्जी प्रतिदिन लाकर खिलाया जा रहा है, ताकि उन्हें पौष्टिक आहार मिलता रहे। बीमार मवेशियों को गौशाला पिंजरापोल ले जाकर ईलाज भी कराया जाता है। साथ ही उन्हें छोड़ने पर 570-570 रुपए संबंधित से अर्थदंड लेकर मवेशी छोड़ा जाता है। चौक-चौराहों व सड़कों पर खुला घूमते पाए जाने पर पशुओं को नगर निगम अमला द्वारा पकड़कर कांजी हाऊस में बंद कर नियमानुसार शुल्क व जुर्माना भुगतान करने के उपरांत ही मुक्त कर संबंधित पशु पालकों को सौंपा जाएगा।



## आयुष्मान वय वंदन कार्ड पंजीयन में जिला अव्वल

# डिप्टी सीएम ने अध्यक्ष को दिया कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाकर उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा प्रदान किया गया।

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने वरिष्ठ नागरिकों से किसी भी स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन दीदीयों से संपर्क कर अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर अपना आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन कराने की अपील की। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनने पर विधानसभा अध्यक्ष को बधाई दी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, महापौर मधुसूदन यादव, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।



उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत 70 वर्ष या 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के समस्त एपीएल एवं बीपीएल हितग्राहियों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड अंतर्गत हितग्राहियों का पंजीकृत शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में 5 लाख रुपए तक का अतिरिक्त निःशुल्क उपचार प्रदाय किया जाता है। जिले में में 25088 एपीएल एवं बीपीएल परिवारों से कुल 23775 पात्र वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड हेतु पंजीयन कर लिया गया है। राजनांदगांव जिला आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन में 94.80 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर है। इसी प्रकार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिले के कुल 952546 पात्र राशन कार्डधारी हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जाना है। जिसमें से 923709 पात्र राशन कार्डधारी हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड हेतु पंजीयन कर लिया गया है और राजनांदगांव जिला आयुष्मान कार्ड पंजीयन में भी 97.12 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर है।






## कार्यवाही: कार से भारी मात्रा में शराब जप्त, पांच आरोपी पुलिस के गिरफ्त में

# अवैध शराब पर कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्यवाही, कार जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम पुलिस ने द्वारा लगातार अपराध व अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने जैसे शराब बिक्री, परिवहन व अन्य गतिविधियों पर रोकथाम के लिए कार्यवाही की जा रही है। इस कड़ी में पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल तथा पंकज पटेल व अनुविभागीय अधिकारी कृष्ण कुमार चंद्राकर द्वारा जिले में अवैध मदिरा के परिवहन एवं विक्रय पर रोक लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

जिसमें रविवार को थाना कोतवाली पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा साइबर प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा एवं कोतवाली से उप निरीक्षक रजनीकांत दीवान द्वारा अवैध शराब परिवहन करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध मदिरा जप्त की गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विश्वनीय मुखबिर पर कोतवाली थाना पुलिस ने कार क्रमांक सीजी 09 जेक्यू 0989 AURA में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है।

### कवर्धा पुलिस को मिली बड़ी सफलता




मिली जानकारी के अनुसार रविवार को कोतवाली थाना द्वारा घेराबंदी कर कार क्रमांक सीजी 09 जेक्यू 0686 **AURA** की विधिवत तलासी ली गई वहीं कार की डिक्की से भारी मात्रा में अवैध शराब परिवहन करने वाले सभी पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध मदिरा जप्त की गई। आगे की कार्यवाही की जा रही है।

वहीं सूचना पर पुलिस टीम व सायबर टीम द्वारा घेराबंदी कर वाहन को रोका गया, जिसकी विधिवत तलाशी लेने पर ARISTOCRAT व्हिस्की 10 नग, Zigzag व्हिस्की 1 नग, देशी प्लेन पौवा 40 नग तथा हंटर बियर 30 नग जब्त कर आरोपियों जिसमें कैलाश चंद्रवंशी पिता नरेश चंद्रवंशी आयु 32 वर्ष, ग्राम नेवारी गुड़ा थाना पिपरिया, रॉबिन राय पिता संतोष राय आयु 28 वर्ष ग्राम हरदी थाना लालबाग, जिला राजनंदगांव, विक्की साहू पिता दिलीप साहू आयु 22 वर्ष ग्राम खड़ोदा कला थाना पोंड़ी व मंगल चौहान पिता राम चौहान आयु 20 वर्ष ग्राम नेवारी गुड़ा थाना पिपरिया तथा हलधर चंद्रवंशी पिता श्रवण चंद्रवंशी आयु 30 वर्ष ग्राम जंगलपुर थाना पांडातराई के खिलाफ थाना कवर्धा में आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक मनीष मिश्रा, सुरेश जायसवाल, संजीव तिवारी, अभिनव तिवारी, चुम्मन साहू, लेखा चंद्रवंशी, संदीप शुक्ल, शैलेन्द्र निषाद एवं नरेंद्र चंद्रवंशी का सराहनीय योगदान रहा।

## कैलाश सरोवर में श्रावणी उपाकर्म संस्कार सम्पन्न

- विप्र समाज ने वेदमंत्रों के साथ किया यज्ञोपवीत परिवर्तन।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शनिवार को श्रावणी पूर्णिमा के पावन अवसर पर कैलाशनगर स्थित कैलाश सरोवर में विप्र समाज अध्यक्ष बंटी (मनीष) तिवारी के नेतृत्व में श्रावणी उपाकर्म संस्कार का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग इस पारंपरिक एवं धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने कुशा हाथ में लेकर सरोवर में गोदुग्ध, दही, घी, गोबर, गोमूत्र, मधु, शर्करा और भस्म से स्नान कर वर्षभर के पापों का प्रायश्चित किया।

आचार्य पं शिवविलाश शर्मा एवं पं प्रमोद शर्मा ने वेदमंत्रों के साथ यज्ञोपवीत परिवर्तन, गायत्री मंत्र जाप और हवन-पूजन सम्पन्न कराया। यज्ञोपवीत के तीन सूत्र देवऋण, पितृऋण और ऋषिऋण के प्रतीक माने जाते हैं। यह पर्व आत्मशुद्धि, वेद अध्ययन, ऋषितर्पण और रक्षाबंधन के भाव



से भी जुड़ा है। कार्यक्रम में पं चंद्रप्रकाश उपाध्याय, गणेश तिवारी, पं आनंद उपाध्याय, पं मेघानंद उपाध्याय, विश्वप्रकाश उपाध्याय, हरिहर उपाध्याय, नंदकुमार शर्मा, रविंद्र शुक्ला, मुकेश तिवारी, देवेंद्र तिवारी, कमलेश द्विवेदी, आदित्य तिवारी, आशीष तिवारी, विनायक शर्मा, केदार प्रसाद तिवारी, आशीष शर्मा, अजय शर्मा, कुंजविहारी द्विवेदी सहित अनेक विप्रजन उपस्थित थें।

### कैलाश सरोवर में श्रावणी उपाकर्म

श्रावणी पूर्णिमा पर कैलाशनगर स्थित कैलाश सरोवर में विप्र समाज अध्यक्ष बंटी (मनीष) तिवारी के नेतृत्व में श्रावणी उपाकर्म संस्कार सम्पन्न हुआ। आचार्य पं शिवविलाश शर्मा एवं पं प्रमोद शर्मा ने वेदमंत्रों के साथ यज्ञोपवीत परिवर्तन, गायत्री मंत्र जाप और हवन-पूजन कराया। बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग आत्मशुद्धि व प्रायश्चित हेतु इस धार्मिक अनुष्ठान में सम्मिलित हुए।

## पालक-शिक्षक का मेगा बैठक आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** गत दिनों बुधवार को समस्त शासकीय विद्यालयो में एक साथ पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। इसी क्रम में सहसपुर लोहारा क्षेत्रांतर्गत अंर्तगत संकुल केंद्र बाजार चारभाठा के समस्त शालाओ में पालक-शिक्षक बैठक उत्साह पूर्वक आयोजित किया गया। अपने बच्चों के उपलब्धियों को जानने पालकों में विशेष उत्सुकता देखा गया। वहीं नोडल अधिकारी अवधेश नंदन श्रीवास्तव, सहायक परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा साक्षरता मिशन द्वारा संकुल के विभिन्न शालाओ का औचक निरीक्षण किया गया, नोडल अधिकारी द्वारा मॉनिटरिंग के दौरान बाजार चारभाठा, सिंघनपुरी एवं रमपुरा में उपस्थिति दी। जहां पालकों से विद्यालय के बेहतर प्रबंधन में उनकी भूमिका पर विशेष विस्तृत परिचर्चा की गई। विद्यालय के समग्र विकास एवं शिक्षा गुणवत्ता पर प्रकाश डाला एवं पालकों से सुझाव भी मांगे गए। इस दौरान बैठक में एसके तिवारी, संकूल प्राचार्य एमके साहू, संकुल समन्वयक आरपी कौशिक, संकुल के समस्त शिक्षक, पालक गण एवं जनप्रतिनिधि गण विशेष रूप से उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### पीएमश्री सेजेस स्कूल पोंड़ी में संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि पोंड़ी।** पीएम श्री सेजेस पोंड़ी विद्यालय में संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्कृत के व्याख्याता श्रीमती अभिलाषा ठाकुर, श्रीमती अनिता ठाकुर एवं खिलावन काठारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छाया चित्र में विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्राचार्य एनके चंद्रवंशी, बी पात्रे, जेपी शुक्ला द्वारा किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागतम गीत से प्रारंभ हुआ, वहीं क्रमशः अलग-अलग कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। बी पात्रे ने संस्कृत के महत्व को बताया व एसके वर्मा ने महा-कालीदास के जीवनी पर प्रकाश डाले, जेपी शुक्ला ने बताया के जितने भी वेद और पुराण है, वह संस्कृत भाषा में है। प्राचार्य एनके चंद्रवंशी ने संस्कृत विषय को रूचि लेकर पढ़ने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में आरपी चंद्रवंशी, एल वर्मा, श्रीमती के पाण्डेय, के लहरे एवं श्रीमती सरिता देवांगन तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### श्रमदान कर बनाया चबूतरा

**बांधा बाजार।** सृष्टि संस्था दक्कोटोला के मार्गदर्शन में ग्राम मरदेल, कोड़ेवड़ा और चिरचारी में रक्षा बंधन त्यौहार मनाया गया हैं।

## कुण्डा में हर्षोल्लास के साथ मनाया भोजली पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कुण्डा साथ ही साथ आसपास के ग्रामों में भोजली पर्व बड़े ही धूमधाम, उमंग तथा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। परंपरा अनुसार ग्राम कुण्डा में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी प्रभात फेरी मंडली कुण्डा द्वारा रामधूनी श्री सीताराम संकीर्तन के साथ भोजली माता का स्वागत करते हुए ग्राम पुरोहित के आंगन में विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया, तत्पश्चात नगर भ्रमण करते हुए श्री शिव मंदिर कुण्डा स्थित तालाब में गंगा स्नान कराया गया।

इसी तरह खमरिया में बड़े गौटिया के घर, हथमुड़ी में मां महामाया चौक, खैलटुकरी में श्री शिव मंदिर चौक, माकरी में श्री हनुमान मंदिर चौक, पेंड्रीकला में पंचायत भवन चौक में भोजली माता का विधि विधान से पूजा अर्चना कर गाजे-बाजे व पटाखे के साथ गंगा स्नान के लिए ले जाया गया। छत्तीसगढ़ी परंपरा, संस्कृति एवं विरासत को



जीवंत रखते हुए पूर्वजों से पीढ़ी दर पीढ़ी सिख मिला हुआ, उसके पालन करते हुए सभी मित्र एक-दूसरे के कानों में भोजली लगाकर गले मिलते हुए एक-दूसरे को बधाई देते हुए साथ ही साथ ग्राम के समस्त देवी-देवताओं मंदिर में भोजली अर्पित कर सुखमय जीवन की प्रार्थना की गई।

## जनसेवा ही भावना कार्यालय कुण्डा में स्वेच्छानुदान का चेक वितरण की



हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

भाई-बहनों के पवित्र बंधन रक्षाबंधन के पर्व पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने विधायक मद से कुण्डा मण्डल में स्वेच्छानुदान चेक वितरण की गई। भाजपा एवं विधायक के जनहित में कार्य कर रही समय-समय पर जरूरतमंदों को जरूरत की हिसाब से मदद कर रही है। इसी कड़ी रक्षा बंधन के शुभअवसर पर विधायक श्रीमती बोहरा ने भाई-बहनों का मदद करते हुए लगभग 60 लोगों को स्वेच्छानुदान स्वरूप चेक प्रदान विधायक कार्यालय में मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बदलमुकुंद चंद्रवंशी, महामंत्री मनहरण साहू, सुमन गुप्ता, पूर्व सांसद प्रतिनिधि विकास पाण्डेय, रमन सिंह खनूजा ने चेक वितरण किया गया।

## मां भारतीय अकेडमी दामापुर से नगर सेना हेतु दो लड़कियों ने मारी बाजी





**हरिभूमि** कोलेगांव। कहते हैं हुनर को अगर पंख लग जाए तो उसकी उड़ान की कल्पना तक नहीं की जा सकती, वही कहावत आज चरितार्थ होता दिख रहा है। कवर्धा जिला के छोटे से गांव जैतपुरी में बहुत कम संसाधन में शुरू की गई अकेडमी में अब सलेक्शन होना प्रारम्भ हो गया है, सिर्फ दो वर्ष पूर्व शुरू किए गए मां भारतीय अकेडमी में 85 अभ्यर्थियों का फिजिकल एवं लिखित पेपर की ट्रेनिंग दी गई, जिसमें 28 युवा एवं युवतियों का सलेक्शन होकर लिखित पेपर हेतु आगे बढ़े वैसे ही नगर सेना में छः छात्र एवं छात्राओं ने पेपर दिलाई, जिसमें अतरिया खुर्द निवासी भारती पाठे एवं पूर्णिमा कुम्भकार का नगर सेना में चयन हुआ। अकेडमी संचालक अश्वनी यदु ने बताया की इस उपलब्धि के पीछे कई लोगों की मेहनत छिपी है खास कर शिक्षक के रूप में सेवा देने वाले आरक्षक नन्दलाल राठौर का जो चौकी दामापुर में पदस्थ है, अपने ड्यूटी से समय निकालकर फिजिकल एवं लिखित पेपर की तैयारी करवाते रहे है। वहीं नींगापुर निवासी भानु चंद्रवंशी अपने व्यस्तम समय निकाल कर सुबह छः बजे से लिखित पेपर की तैयारी करवाते रहे बिलासपुर में संचालित चंद्रा कोचिंग सेंटर से पेपर दिलाने हेतु पूरी मेहनत श्री चंद्रवंशी ने किया एकेडमी पूरी तरह से मुफ्त में संचालित हुआ बहुत कम संसाधनों में एकेडमी का संचालन हुआ। हमारी कोशिश रही की बेहतर से बेहतरीन की ओर कैसे बढ़े छात्रों ने हमारी प्रयासों के अनुरूप कड़ी मेहनत की जिसके बदौलत आज यह स्थिति बन पाई है। अश्वनी यदु ने कहा की अब अगले माह आरक्षक हेतु पेपर होना है, जिसकी तैयारी जोरों से की जा रही है हमें यकीन है मां भारतीय अकेडमी के सभी अभ्यर्थियों का चयन जरूर होगा। उक्त चयन पर मां भारतीय अकेडमी संचालक अश्वनी यदु ने कवर्धा पुलिस अधीक्षक, अतरिक्त पुलिस अधीक्षक, आरक्षक नंदलाल, शिक्षक भानु चंद्रवंशी, सभी जनप्रतिनिधि गण, गणमान्य नागरिक जिला के सभी प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोगी गण का आभार व्यक्त किया। साथ ही मां भरतीय अकेडमी को और अच्छे से संचालित करने हेतु सहयोग की अपील की गई।

## ग्रामीण क्षेत्रों में दिखा भोजली पर्व को लेकर भारी उमंग व उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी ग्राम घोरपेण्ड्री, कोलेगांव, बसनी, रापा, नवापारा, भगतपुर, धनेली, पीपरमाटी व दामापुर क्षेत्र में भोजली पर्व बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं छोटे-छोटे बच्चों में भोजली पर्व को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। बताया जाता है कि सुबह से ही छोटे-छोटे बच्चों द्वारा स्नान-ध्यान करके नए कपड़े पहनकर भोजली पर्व मनाया गया। छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्यौहारों में से एक है भोजली का पर्व है। भोजली का अर्थ है भो+जली अर्थात भूमि में जल हो यह पर्व जो सावन महीने के शुक्ल पक्ष के सप्तमी के दिन बोया जाता है इसे छोटी-छोटी टोकरियों में मिट्टी डालकर उनमें अन्न के दाने बोए जाते हैं। ये दाने धान, गेहूं, जौ के हो सकते तीज या रक्षाबंधन के अवसर पर फसल की प्राण-प्रतिष्ठा के रूप में इन्हें छोटी टोकरी या गमले में उगाया जाता हैं। जिस टोकरी या गमले में ये दाने बोए जाते हैं उसे घर के किसी पवित्र स्थाहन में छायादार जगह में स्थोपित किया जाता है। उनमें रोज पानी दिया जाता है और देखभाल की जाती है।



दाने धीरे-धीरे पौधे बनकर बढ़ते हैं, महिलाएं उसकी पूजा करती हैं एवं जिस प्रकार देवी के सम्मोन में देवी-गीतों को गाकर जवांरा-जस-सेवा गीत गाया जाता है वैसे ही भोजली दाई (देवी) के सम्माान में भोजली सेवा गीत में महिलाएं गंगा देवी को सम्बोधित करती हुई गाती है जैसे देवी गंगा देवी गंगा लहर तुरंगा हमरो भोजली देवी के भीजे ओठों अंगा। मांड़ी भर जोंधरी पोरिस कुसियारे जल्दी जल्दी बाढ़ौ भोजली हो वौ हुसियारे गाते हुएं नगर भ्रमण कर नदी, तालाब के किनारे भोजली देवी का विसर्जन किया जाता है। विसर्जन करते वक्त उस भोजली में से कुछ लेकर अपने भाई के कानो में लगा देते है जिससे भाई-बहन के रिश्तो में मित्रता भी बनी रहती है।

## नक्सली आत्मसमर्पण व पुनर्वास योजना पर जिला स्तरीय समिति की बैठक 12 अगस्त को

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन की नक्सलवादी आत्मसमर्पण, पीड़ित राहत पुनर्वास नीति-2025 के अंतर्गत आत्मसमर्पित महिला नक्सली कवासी हिडमे उर्फ रनिता, पिता कवासी सन्नू, उम्र 24 वर्ष, निवासी पुलमपाड, थाना चिंतलनार, जिला सुकमा को राहत एवं पुनर्वास योजना के तहत सुविधाएं प्रदान किए जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। अध्यक्षता में 12 अगस्त दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय कबीरधाम के सभाकक्ष में संपन्न होगी। समिति के समस्त सदस्य एवं संबंधित अधिकारीगण को निर्देशित करते हुए निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक अभिलेखों एवं जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होंने कहा है।

## चैतन्य स्कूल व पीएमश्री सेजेस पोंड़ी के छात्राओं ने पुलिस जवानों को बांधी राखी



हरिभूमि न्यूज ⏭पोंड़ी

रक्षाबंधन के अवसर पर चैतन्य स्कूल और पीएमश्री स्वामी आत्मानंद पोंड़ी स्कूल के छात्राओं ने देश की सुरक्षा में तैनात पुलिस जवानों को राखी बांधकर उनका अभिनंदन किया और पुलिस जवानों की दीर्घायु की कामना किया। चैतन्य स्कूल की ओर से प्राचार्य एसके राय, उप-प्राचार्य श्रीमती महेश्वरी सेन, श्रिया गुप्ता और स्वामी आत्मानंद स्कूल की ओर से शिक्षिका स्वाति खटकर, शिक्षक राकेश शील, मनहरण लांझी सहित समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थें। इस कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने पुलिस जवानों के योगदान की सराहना करते हुए उनके साहस और समर्पण के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि यह उन सभी रक्षकों के प्रति सम्मान का दिन है जो निःस्वार्थ भाव से देश और समाज की सेवा में जुटे हैं। पोंड़ी चौकी प्रभारी विमल लवन्या ने सभी स्कूली छात्राओं का आभार व्यक्त किया, उन्होंने ने कहा कि भाईचारे के इस पर्व में स्कूली बच्चों द्वारा पुलिस के प्रति सम्मान यह बताया है कि आज भी पुलिस के जवान हर तीज-त्यौहारों में जनता की सेवा में लगे रहते है ऐसे उनके द्वारा राखी बांधकर सम्मान करना सराहनीय पहल है।

### 13 अगस्त तक सभी घरों प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराना कार्यकर्ताओं द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा

## तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा मण्डल कुण्डा प्रभारी ने लिया बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

भाजपा मण्डल कुण्डा मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत बैठक आयोजित किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के कुशल मार्ग दर्शन में कार्यक्रम के प्रभारी जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्र. 03 रामकुमार भट्ट, सह प्रभारी जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्र. 04 के प्रतिनिधि महेंद्र धृतलहरे एवं कार्यक्रम के मण्डल संयोजक कृष्णा चंद्राकर, सह संयोजक संतोष ध्रुव एवं गणेश यादव के गरिमामय उपस्थिति में बैठक आहुत की गई। कार्यक्रम के प्रभारी रामकुमार भट्ट ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा अभियान को सफल बनाने हेतु जारी की गई महत्वपूर्ण को भाजपा मण्डल कुण्डा के पदाधिकारियों बूथ एवं शक्ति केंद्र के प्रभारियों एवं सह प्रभारियों के साथ साझा किए एवं जिम्मेदारी सौंपे गए। प्रभारी रामकुमार भट्ट ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष पार्टी के कार्यकर्ता जनमानस के साथ तिरंगा यात्रा एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति के कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित करते हुए देश की एकता एवं अखंडता के प्रति संकल्प लेते है। श्री भट्ट ने कहा कि 10 से 14 अगस्त तक प्रत्येक मण्डल में तिरंगा यात्रा का आयोजन होना है एवं 13 अगस्त तक सभी घरों प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराना पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। सह प्रभारी महेंद्र धृतलहरे ने अपने उद्बोधन में कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ इच्छा शक्ति एवं निर्णायक नेतृत्व सेना का शौर्य एवं पराक्रम तथा देशवासियों के एकजुटता के संकल्प से ऑपरेशन सिंदूर पूर्णता सफल रहा यह मोदी के नेतृत्व में नया समृद्धिशाली शक्तिशाली एवं आत्मनिर्भर भारत है। बैठक में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मण्डल में 13 से 15 अगस्त तक भाजपा कार्यकर्ताओं को हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा फहराना है एवं नागरिकों को भी तिरंगा फहराने प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा ध्यान रहे झंडा को उल्टा नहीं फहराना है राष्ट्रीय ध्वज को जमीन पर नहीं रखना है, झंडे को पानी में नहीं डुबोना हैं, झंडे पर कुछ नहीं लिखा होना चाहिए, फटे या गंदे झंडे को प्रदर्शित नहीं करना है, झंडे को उतारने से पहले एक फल मौन रखना है, झंडे को उतारने के बाद इसे सार्वजनिक स्थान पर नहीं छोड़ना है यदि झंडे फट जाए तो इसे जिला प्रशासन में जमा कर देना चाहिए। बालमुकुंद चंद्रवंशी ने कहा राष्ट्रीय ध्वज 15 अगस्त को सूर्यास्त के पहले सम्मान पूर्वक उतर जाना चाहिए। उक्त बैठक में रामकुमार चंद्राकर, मनहरण साहू, सुमन गुप्ता, सरिता वैष्णव, संगीता निर्मलकर, मोहन चंद्रवंशी, मोहन कुर्रे, संतोष साहू, सूरज यादव, परमेश्वर साहू, अश्वनी यदु, साहेब लाल सोनवानी, राजू श्रीवास्तव, मुकेश यदु, पुरुषोत्तम रजक, जोगी चंद्राकर, सूरज यादव, लवकुश साहू, पन्ना साहू, हरेंद्र राजपूत, ललित साहू, शेखर चंद्रवंशी, बबली साहू सहित बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

**प्रदर्शन:** नाराज ग्रामीण, किसानों ने कलेक्टर निवास के सामने दिया धरना, गांव के 3 ट्रांसफार्मर खराब

# दो माह बाद भी नहीं बदला गया ग्राम तमरूवा का विद्युत ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के ग्राम तमरूवा में बीते करीब दो महिनो से खस्ताहाल तथा चरमाराई विद्युत व्यवस्था से त्रस्त ग्रामीण, किसानो ने रविवार को जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचकर कलेक्टर निवास के सामने धरना दिया और व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने की मांग की।

इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्युत विभाग और शासन, प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। अपनी मांग व समस्या को लेकर जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचे ग्रामीण किसानो ने बताया कि ग्राम तमरूवा के किसानो और ग्रामीणों को बिजली उपलब्ध कराने स्थापित 63 केवीए ट्रांसफार्मर बीते करीब दो महिनो से खराब पड़ा है। जिससे ग्रामीण किसानो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली के आभाव में खेतों में लगी फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है और फसल प्रभावित हो रही है। वहीं बिजली के आभाव में ग्रामीणों के दैनिक कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं।

जिसे देखते हुए विद्युत विभाग से लगातार खराब विद्युत ट्रांसफार्मर को बदने की मांग की जा रही है लेकिन विभाग ग्रामीण, किसानो की समस्या के प्रति जरा भी गंभीरता नहीं दिखा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व विभाग जरूर एक ट्रांसफार्मर लेकर गांव पहुंचा था। जिसे विभागीय साधन के आभाव में ग्रामीणों के सहयोग से ही भैंसा गाड़ी में लादकर तथा किसानो ने मजबूरन अपनी फसल को नुकसान पहुंचाते हुए मौके तक पहुंचाया था। लेकिन इसे विद्युत विभाग की घोर लापरवाही और गैर जिम्मेदारी ही कहें की जो ट्रांसफार्मर भेजा गया था वह भी खराब निकला। जिसके बाद से अभी तक विभाग ने खराब ट्रांसफार्मर को नहीं बदला। बल्कि इस बीच ग्राम तमरूवा के दो और ट्रांसफार्मर खराब हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि तमरुवा बस्ती का 100 केवीए और बंधिया खार का 25 केवीए भी बंद पड़ गया है। जिसके कारण गांव के दर्जनों किसान और ग्रामीण अंधेरे और भीषण गर्मी की मार झेल रहे हैं। इसकी भी शिकायत विद्युत विभाग को दे दी गई है लेकिन ऐसा लगाता है कि विद्युत विभाग के आला अधिकारी कान में तेल डालकर सो रहे हैं। विभाग की इसी उपेक्षा और गैरजिम्मेदारी को देखते हुए रविवार को ग्राम तमरूवा के ग्रामीण किसान जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचे और उन्होने कलेक्टर निवास के सामने अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर धरना दिया। बाद में ग्रामीणों को प्रशासनिक अधिकारियों ने आसश्वासन व समझाईश दी जिसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। अब देखने वाली बात होगी की क्या इस धरना प्रदर्शन के बाद शासन, प्रशासन और विद्युत विभाग के कान में जूं रेंगती है या नहीं।

## पंचायत मंत्री के गृह जिले के ग्रामीण किसान अव्यवस्थाओं से त्रस्तः तुकाराम



ग्राम तमरूवा सहित जिले की खस्ताहाल तथा चरमराई विद्युत व्यवस्था को लेकर धरना प्रदर्शन में शामिल युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चन्द्रवंशी ने कहा कि प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के गृह जिले कबीरधाम में सरकारी सिस्टम का हाल बेहाल है। आलम ये है कि ग्रामीण किसान मूलभूत समस्या बिजली को लेकर बीते दो महिनो से विभाग से लेकर शासन-प्रशासन और सत्तारूढ़ दल के औहदेदारों से गुहार लगा रहे हैं लेकिन उनकी कोई सुनने वाला नहीं है। वहीं दूसरी तरफ अगर किसान व ग्रामीण बिजली बिल का भुगतान करने में देरी कर दे तो विभाग तत्काल बिजली काटने पहुंच जाता है लेकिन जब शिकवा शिकायत की बात आती है तो विभागीय अधिकारी गहरी नींद में सो जाते हैं। उन्होने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार और उनके मंत्री, विधायक सिर्फ विकास का दिखावा कर रहे हैं। अगर प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री के गृह जिले में बीते दो महिनो से ग्रामीण किसानों को बिजली के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है तो समझा जा सकता है कि यहां विकास और विभागीय व्यवस्था की जमीनी हकीकत क्या है। इस धरना प्रदर्शन में तुकाराम चंद्रवंशी, अंकित चौबे, प्रतीक चंद्रवंशी, मेहुल सत्यवंशी, बिलाल खान, आकाश चंद्रवंशी, नीरज चंद्रवंशी, जितेंद्र सिंह, रामराज सिंह, भालचंद, डोमन, युवराज, दशरु सिंह, जंत्री सिन्ह, बसंत सिंह, विजय सिन्ह, रवि धुर्वे, विष्णु आदि उपस्थित थे।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर गोविंदा उत्सव 17 अगस्त को



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सर्व यादव समाज द्वारा गोविंदा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां जोरशोर से की जा रही है। जिसके लिए प्रतिदिन शहर के श्री राधाकृष्ण बड़े मंदिर में समाज के सदस्यों की बैठक आयोजित की जा रही है।

बैठक में अब तक कई निर्णयों पर सहमति बन चुकी है। वहीं आयोजन में अतिथि सहित अन्य निर्णय होना बाकी है। सर्व यादव समाज के जिला सचिव प्रकाश यादव (टिब्लू) ने बताया कि आयोजन में सभी समाज व वर्ग के लोग शामिल रहते है। हर वर्ष सभी के सहयोग से कार्यक्रम होता आ रहा है। इस साल भी बेहतर आयोजन होगा। आयोजन में इस बार मूर्ति स्थापना जन्माष्टमी के एक दिन पहले होगी। जिसे महिला समाज की अगुवाई में स्थापित किया जाएगा साथ ही अगले दिन पूजा प्रतिष्ठा होगी। इस बीच महिला समाज द्वारा रंगोली, कुर्सी दौड़, मटका फोड़ सहित अन्य आयोजन होगा। कार्यक्रम के विजेताओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

गोविंदा उत्सव दही लूट का आयोजन 17 अगस्त को होगा। श्री यादव ने बताया कि दही लूट में इस साल भी आसपास के गांवों से यादव समाज के सदस्य शामिल रहेंगे। बैठक में जिला अध्यक्ष राकेश यदू, पूर्व पार्षद संतोष यादव, विजय यादव, पवन यादव, आयुष, चेतन, अंश, आकाश, जतिन यादव, राहुल यादव, राजकुमार, निलेश,लक्की, राजिन सहित समाज के लोग शामिल रहे।

## दोपहर 12.00 बजे राधाकृष्ण मंदिर से निकाली जाएगी रैली

रैली दोपहर 12 बजे राधाकृष्ण बड़े मंदिर से रवाना होगी। जो शहर के करपात्री चौक, सराफा लाइन, गुरुनानक गेट, गांधी मैदान, सिग्नल चौक, अंबेडकरचौक, राजमहलचौक, पंचमुखी बूढ़ामहादेव मंदिर, कचहरी पारा, यूनियन चौक होते हुए पुनः मंदिर में समापन होगा। उन्होंने बताया कि इस साल भी रैली जल्दी पूर्व वर्षो की तरह जल्दी निकाली जाएगी। ताकि समय पर समापन हो।

## सर्व यादव समाज की बैठक में विवादों से बचने की सलाह

बैठक के दौरान किसी भी प्रकार के विवाद से बचने पर विशेष चर्चा की गई। सचिव प्रकाश ने बताया कि रैली के दौरान कई बार असामाजिक तत्व शामिल होकर विवाद करते है। इससे बचने के लिए यादव समाज के सभी सदस्यों को विशेष ऐतिहात बरतने कहा गया है। दही लूट में शामिल समाज के लोगों को सीधे पुलिस थाने में संबंधित के खिलाफ शिकायत करने भी सलाह दिया गया।

## खबर संक्षेप



### पतंजलि योग समिति ने मनाया रक्षाबंधन पर्व

**कवर्धा।** श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला भाई बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व पतंजलि योग समिति कवर्धा में उत्साह, उमंग के साथ यज्ञ हवन कर मनाया गया। समिति के भाई बहनों ने एकजुट होकर शारदा संगीत महाविद्यालय कवर्धा की नियमित योग कक्षा में रक्षाबंधन का पर्व मनाया। सभी बहनों ने भाइयों का तिलक लगाकर उनकी कलाईयों में रक्षासूत्र बांधकर अपना आशीष व प्रेम प्रकट किया। सनातन समय से चली आ रही यह परंपरा बहुत ही पवित्रता का प्रतीक है जो भाई बहन के अटूट प्रेम को दर्शाती है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शारदा संगीत महाविद्यालय के योग साधक संतोष पटेल, प्रभाकर शुक्ला, अशोक चंद्रवंशी, रामा जयसवाल, रमेश साहू, शशि ठाकुर, बलराम कौशिक, शैलेंद्र साहू, पिंटू चंद्रवंशी, कामतापाल धर्मेंद्र ठाकुर, मनोज चंद्रवंशी, नीरज सिन्हा इसी प्रकार बहनों में महिला प्रभारी उमा चंद्रवंशी महामंत्री ज्योति शुक्ला महामंत्री विनीताचंद्रवंशी, भारती शर्मा, प्रभा शिवहरे, शीला राजपूत, प्रतिमा चंद्रवंशी, संध्या जायसवाल, सुकून जायसवाल, रागिनी साहू, मंजू चंद्रवंशी सरिता साहूआदि सभी पतंजलि परिवार के योग साधक साधिकाएं उपस्थित थे।

# युक्तियुक्तकरण की निकली हवा, मात्र एक शिक्षक के भरोसे मिडिल स्कूल

### ग्राम भालापुरी के पालकों ने कलेक्टर से लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

युक्तियुक्तकरण नीति के तहत जिले की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने का दम भरने वाला जिला स्कूल शिक्षा विभाग शिक्षकों की कमी से जूझ रहे जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मिनमिनिया के आश्रित ग्राम भालापुरी में संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षक पदस्थ नहीं कर पा रहा है। जिससे न सिर्फ स्कूली बच्चों की पढ़ाई लिखाई चौपट हो रही है बल्कि विभाग की इस अव्यवस्था को लेकर पालकों में भी भारी असंतोष देखा जा रहा है। अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंति इन पालकों ने बीते दिनो जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचकर अपनी मांग से संबंधित एक ज्ञापन कलेक्टर के नाम सौंपकर स्कूल में जरूरत के मुताबिक शिक्षकों की पद स्थापना कराए जाने की मांग की है। अपनी मांग व समस्या लेकर जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचे पालकों ने बताया कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भालापुरी में कक्षा छठवीं से आठवीं तक करीब 40 विद्यार्थी अध्यनरत हैं लेकिन अलग-अलग कक्षाओं के इन विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए विद्यालय में सिर्फ एक शिक्षक मौजूद है। पालकों ने इस अव्यवस्था व विभागीय अनदेखी पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग एक संवेदनशील और शिक्षित विभाग माना जाता है लेकिन यहां बैठे अधिकारी स्वयं बताएं की एक शिक्षक अलग-अलग कक्षाओं के विद्यार्थियों को कैसे पढ़ा लिखा सकता है। उन्होने कहा कि यह सीधे तौर पर घोर लापरवाही और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

## 2022 से पदस्थ शिक्षिका गायब

ग्रामीण पालकों ने बताया कि भालापुरी भालापुरी पूर्व माध्यमिक शाला में कुल दो पद स्वीकृत हैं। एक शिक्षक धनश्याम सिंह राणा और एक शिक्षिका अनिता धुर्वे। ग्रामीणों के मुताबिक शिक्षिका ने 12 फरवरी 2022 को ज्वाइनिंग के बाद से आज तक स्कूल में दोबारा कदम नहीं रखा। बावजूद इसके विभाग ने न तो उनकी जगह किसी अन्य शिक्षक की नियुक्ति की और न ही अनुपस्थिति पर कोई ठोस कार्रवाई की। नतीजा यह है कि पूरा शैक्षिक बोझ एकमात्र शिक्षक पर आ गया है, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है।

## विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय

ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि इस स्थिति में विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। एक शिक्षक से तीन कक्षाओं का संचालन संभव नहीं है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम व गतिविधियों से भी वंचित रहना पड़ रहा है। कई बार ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन किसी ने भी इस गंभीर मुद्दे को हल करने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब सरकार शिक्षा का अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में लागू कर चुकी है, तो भालापुरी जैसे गांवों में यह अधिकार कागजों तक ही क्यों सीमित है। एक शिक्षक के भरोसे स्कूल चलाना, विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के साथ अन्याय है। यह स्थिति न सिर्फ शिक्षा की गुणवत्ता को गिरा रही है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी स्कूलों के प्रति लोगों का भरोसा भी कमजोर कर रही है। ग्रामीणों ने शासन, प्रशासन तथा स्कूल शिक्षा विभाग से तत्काल व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने की मांग की है।

# जिले में न मंदिर सुरक्षित न लोग सुरक्षितः चोवाराम साहू

### प्रदेश के गृहमंत्री से कानून व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



अगर कबीरधाम जिले में एक मृतक का परिवार शव को सड़क में रखकर पुलिस प्रशासन पर प्रताड़ना का आरोप लगा रहा है, अगर जिले के शिवालयों, देवालयों व मंदिरों में लगातार हो रही तोड़फोड़ से सनातन धर्मियों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही है और वे अपने आस्था के केन्द्रों की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं, अगर जिले का कोटवार संघ अपनी सुरक्षा को लेकर शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अपनी सुरक्षा की गारंटी मांग रहा है तो कहना गलत नहीं होगा कि प्रदेश के गृह मंत्री के गृह जिले की कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। उक्त बातें कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने जारी बयान में कहीं। उन्होने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के महज पौने दो साल के कार्यकाल में ही कानून व्यवस्था की स्थिति चरमरा गई है। आलम ये है कि प्रदेश के गृह मंत्री के गृह जिले में ही कानून व्यवस्था संभाले नहीं संभल रही है। पुलिस प्रशासन पर प्रताड़ना के आरोप लग रहे हैं। लेकिन दोषी अधिकारी-कर्मचारियों पर न तो कार्यवाही हो रही है और न ही मृतक को इंसाफ मिल रहा है। शरारती तथा असामाजिक तत्व लगातार सनातन धर्मियों के आस्था केन्द्रों पर हमला कर यहां स्थापित देवी देवताओं की प्रतिमाओं को तोडफ़ोड़ रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि ऐसे मामलों में पुलिस आरोपियों तक भी नहीं पहुंच पा रही है। विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम सारंगपुर में अभी हाल ही में हुई घटना के आरोपी का अभी भी कोई अतापता नहीं है। प्रदेश के गृह मंत्री के गृह जिले में कार्यरत कोटवार अपने आपको असुरक्षित महसूस करते हुए सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं। जबकि इससे पूर्व की घटनाओं को देखा जाए तो पूर्व में शरारती, असामाजिक तथा आपराधिक तत्व कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए कई आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे चुके हैं। श्री साहू ने कहा कि जिले में लगातार सामने आ रहे इस तरह के मामलों से लोगों का पुलिस और सरकार पर से भरोसा उठ रहा है। उन्होने प्रदेश के गृह मंत्री से कानून व्यवस्था में कसावट लाए जाने की मांग की है।

## राजानवागांव स्कूल में संस्कृत सप्ताह का आयोजन, 12 अगस्त को समापन




**कवर्धा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला राजानवागांव गत 6 अगस्त से संस्कृत सप्ताह मनाया जा रहा है। 12 अगस्त तक चलते वाले इस संस्कृत साप्ताह के तहत विद्यालय में प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें छात्रों व शिक्षकों द्वारा अनेक आयोजन किए गए, कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य सुजीत गुप्ता व अन्य शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के तेलचित्र की पूजा अर्चना कर किया गया। छात्रों ने सरस्वती वंदना गायन किया, श्लोक पाठ, संस्कृत भाषा का महत्व, मेरा विद्यालय, मेरा प्रदेश, कवि कालिदास आदि के विषय में संस्कृत में व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। छात्र-छात्राओं ने संस्कृत में अपना-अपना परिचय दिया व प्रतिदिन संस्कृत में बातचीत करने के लिए सहमति दी। संस्था के प्राचार्य सुजीत गुप्ता ने कहा कि संस्कृत भारत की प्राचीन भाषा है। संस्कृत हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। संस्कृत व्याख्याता ने कहा कि संस्कृत भारतीय संस्कृति, साहित्य, धार्मिक परम्परा की नींव है, यह वेदों की व देवों की भाषा है। संस्कृत व्याख्याता बरखारानी साहू ने कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है। नासा के वैज्ञानिक भी अब कम्यूटर के लिए संस्कृत भाषा को सबसे उपयुक्त भाषा मान लिए है और अध्ययन कर रहे हैं। कार्यक्रम में व्याख्याता अजय कुर्रे, पूजा सिंह, आशा अवस्थी, विधिराम चंद्रवंशी, उषा गुप्ता, कमलेश तिवारी, आनंद चंद्रवंशी उपस्थित थे।

## अतुल पुनः चेंबर ऑफ कामर्स के प्रदेश मंत्री, संगठन का किय गया गठन

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने अपने नए कार्यकाल के लिए महत्वपूर्ण पदों की घोषणा की है जिसमें कवर्धा के जिलाध्यक्ष आकाश आहूजा को उनकी सक्रियता और बेहतर कार्य को देखते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया है वहीं अतुल देशलहरा को पुनः प्रदेश मंत्री के रूप में एवं कवर्धा इकाई के अध्यक्ष के रूप में दिनेश जैन को जिम्मेदारी दी गई है। ज्ञात हो कि कवर्धा में व्यापारी हित में कार्य करते हुए चेंबर की वर्तमान टीम ने पूरी सक्रियता के साथ सराहनीय काम किया है, इसी को मद्देनजर रखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने आकाश आहूजा, अतुल देशलहरा और दिनेश जैन को संगठन में प्रमुख स्थान दिया है । नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश आहूजा बड़ी जिम्मेदारी देने पर प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए कवर्धा जिले के व्यापारियों की आवाज को प्रदेश स्तर पर मजबूती से रखने और व्यापार हित में काम करने का भरोसा दिलाया है साथ ही यह भी कहा की दिनेश जैन के आने से निश्चित रूप से कवर्धा में व्यापारी एकता का बेहतर तालमेल देखने को मिलेगा



**पेज 9 का शेष**

**जयपुर के शिल्पकार दे...:** लगभग 9 महीने बीत जाने के बाद भी अटल परिषद निर्माण के कार्य में तेजी दिखाई नहीं दे रही है। प्रदेश के सभी 187 नगरीय निकायों में अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। इनमें 14 नगर निगम, 50 नगर पालिका तथा 123 नगर पंचायत शामिल हैं। अटल परिसर के निर्माण के लिए प्रत्येक नगर निगम को 50 लाख रुपए, नगर पालिका को 30 लाख रुपए और नगर पंचायत को 20 लाख रुपए का अनुदान दिया गया है । नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा इसके लिए सभी निकायों को लगभग 46 करोड़ 60 लाख रुपए की अनुदान राशि जारी की गई है।

**नगर में राजमहल से भोजली तालाब तक निकाली गई शोभायात्रा, राज परिवार ने की पूजा अर्चना**

# हर्षोल्लास के साथ परम्परागत ढंग से मनाया गया भोजली का त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



वर्षो पुरानी परम्परा का निर्वाहन करते हुए छत्तीसगढ़िया फ्रेंडशिप डे यानि भोजली का त्यौहार इस बार भी कवर्धा नगर सहित अंचल में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व का विशेष आयोजन स्थानीय राजमहल परिसर में किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग भोजली लेकर पहुंचे। उल्लेखनीय है कि भोजली छत्तीसगढ़ के पारम्परिक त्यौहारों में से एक है, चूंकि इस त्यौहार को मितान बदने की भी परम्परा है इसलिए इसे छत्तीसगढ़िया फ्रेंडशीप डे भी कहा जाता है। रक्षाबंधन के दूसरे दिन रविवार को भोजली का पर्व शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छत्तीसगढ़ी संस्कृति का निर्वाह करते हुए लोगों ने अपने घरों में उगाए गए भोजली को घर से तालाब तक शोभायात्रा निकालकर ग्राम देवता की पूजा अर्चना की और लोगों ने मितान बदकर सीताराम भोजली कहकर एक-दूसरे का अभिवादन किया। वहीं नगर के मोती महल में राजसी ठाठ के साथ राजपरिवार द्वारा भोजली की पूजा अर्चना की गई। पूजा-अर्चना पश्चात शोभायात्रा के साथ भोजली का विसर्जन भोजली तालाब में किया गया। रक्षाबंधन के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ की संस्कृति में भोजली त्यौहार का अपना एक अलग महत्व है। खासकर रायपुर और बिलासपुर संभाग के समस्त ग्रामीण अंचलों में भोजली का पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। नगर के मोतीमहल में भी भोजली विसर्जन का पर्व राजसी ठाठ के साथ धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दोपहर बाद महल परिसर में मेले का वातावरण बना रहा। शाम लगभग साढ़े 3 बजे नगर के विभिन्न वार्डो से महिलाएं व भोजली को सिर पर रखकर कतारबद्ध चलते हुए महल पहुंची। जहां राजसी परम्परानुसार राजपरिवार ने भोजली की विशेष पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात भोजली विसर्जन का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व युवतियां अपने सिर पर लहलहाती भोजली रखकर गाजे-बाजे के साथ महल परिसर से शोभायात्रा निकालकर भोजली तालाब पहुंची। जहां विधिवत भोजली विसर्जित की गई।

# विश्व आदिवासी दिवस पर राजा खड्गराज कुमार सिंह ने मूल दिवस के महत्व पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता और जनजातीय समाज के प्रखर वक्ता एवं सहसपुर लोहारा के राजा खड्ग राज कुमार सिंह ने समस्त आदिवासी समाज को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए इस विशेष दिन के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। राजा खड्गराज कुमार सिंह ने कहा कि 9 अगस्त को संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य दुनियाभर में रह रहे आदिवासी समुदायों की सांस्कृतिक विरासत, अधिकारों और अस्तित्व को संरक्षित करना है। यह दिन हमें हमारी जड़ों से जुड़ने, हमारी परंपराओं को समझने और आने वाली पीढ़ियों तक उन्हें गर्व के साथ पहुंचाने का अवसर देता है। राजा खड्गराज कुमार सिंह ने अपने संदेश में कहा कि आदिवासी समाज ने प्रकृति, संस्कृति और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में जो योगदान दिया है, वह अनमोल है। इस दिवस के माध्यम से हमें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए और एकजुट होकर अपनी पहचान को और मजबूत करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी संस्कृति, बोली, कला और परंपराओं को अपनाएं और आधुनिकता के साथ सामंजस्य बिठाते हुए अपनी अस्मिता को बनाए रखें। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर जनजातीय नृत्य, पारंपरिक गीत-संगीत, सांस्कृतिक रैलियां एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिसमें लोगों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। राजा खड्ग राज कुमार सिंह ने यह भी आश्वासन दिया कि वे समाज के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए निरंतर कार्यरत रहेंगे।